सूफी ग्राम तौर उप्पर रंग-बरंगी टाकिएं ग्राली ग्रल्फी पैह्नदे हे । सिरै दी टिंड कराई रखदे हे । गोदड़ी, मुसल्ला (नमाज पढ़नेदा ग्रासन), खड़ावां (जां नुक्कां), सोटी ते तसबीह (जप-माला)—एह् चीजां शेख दी पवित्रता दे प्रतीक समझे जंदे हे। शेख ग्रपने पिच्छें इक खिलाफतनामा (वसीयत-नामा) लिखी ऐ छोड़ी जंदा हा, जिस इच ग्रोह् ग्रपना उत्तराधिकारी थापी जंदा हा, ते जिस इच ओह् दे गित्तै इसलाम दे प्रचार, खानकाह् दी साम्भ-सम्हाल, सिलसिले गी चालू रखने दी भारमदारी ग्रादि कर्तव्य बी लिखी छोड़ी जंदा हा । उत्तराधिकारी गी ग्रपना केन्द्र कुसै होर थार जाइऐ बनाने दी सलाह् बी दित्ती दी होंदी ही, ते जनता दी सेवा ते ग्रात्म-त्याग दा पालन करदे होई, सूफी मत दा सन्देश फैलाने दा ग्रादेश बी होंदा हा । ए दस्सने दी खास लोड़ नेंई जे ए सारे नियम खानकाह् दे हड्ड-मास गैं से, शेख दा ग्रपना ग्रादर्श जीवन ते उसदी शख्सीयत खानकाह् दी रूह्-रवां होंदी ही । शेख नैं खानकाह् दे बासिएं इच धर्म-निष्ठा ते लगन जगानी होंदी ही ते उत्थूं दे वातावरण गी ग्रध्यात्मक खोज दी कामना कन्ने इस चाली भरेग्रा लोड़दा हा, जे संसारी-कामनां त्यागिऐ उंदी लगन ग्रपनै ग्राप गैं उस सर्वशक्तिमान परमात्मा कन्ने लग्गी जा, ते ईग्रां सेही करन, ग्रहें ग्रोह् ग्रल्लाह्-ताऽला दी हाजरी'च रौह्‌दा करदेन । सूफी दे जीवन दा ग्राखरी उद्‌देश हा परमात्मा कन्ने मिलाप (वसल) ते, ए गल्ल उसनें जीवन इच इक खिनै लेई बी नेंई भुल्ली लोड़चदी । इत करिऐं, मनै गी साद्‌धने दा हर-इक तरीका बरतेग्रा जंदा हा तांजे ग्रोह् परम सत्य कन्नै सार रलाइऐ रेही सकै ।

बखत्यार काकी हुंदी खानकाह् बिच ग्राइऐ फरीद नै ग्रपने मुरशिद दी नगरानी इच बड़ी कठन रेग्राजत कीती, जेह्‌ड़ी इक सूफी फ़कीर लेई जरूरी होंदी ही । ऐसी तपस्या दी बुन्याद उसदे बचपन इच गैं पेई चुकी दी ही । इस लेई तपस्या, रोजे ते शरीर साधन दे कठन सरिस्ते फरीद लेई नमीं गल्ल नेंई हो रेह्‌दी । ग्रपने इष्ट दी साधना लेई फरीद नैं ग्रोह् सब कठन ग्रभ्यास—नींदर तजिग्रै केई केई घंटे एकांत'च ताड़ी लाइग्रै बेही रौह्‌ना ग्रादि, निजम खुद-रजाई कन्ने मन्नी लैते ते घोर तपस्या बी कीती । ग्रपने मनै गी काबू इच करने ते ग्रध्यात्मक साधना लेई ग्रपने शरीर गी तसीहे देने दा निग्रह-विधान सूफिएं भारत दे योगिएं कशा लेग्रा हा । रहस्यवाद दी दीक्षा लैने ते उस क्षेत्र इच प्रवेश करने ग्राले केई यौगिक क्रियाएं



गी ग्रपनांदे हे । ग्रो क्रियां हिग्रां—प्राणायाम, शाकाहार, धारणा, ध्यान ते समाधि । योगी बी ध्यान कशा गैं साधना रम्भ करदे हे । ए ध्यान-क्रिया कुसै खास पदार्थ पर ग्रकसूई थमां शुरू होइऐ समाधी पर जाई मुकदी ही । गूढ़ एकाग्रता इक साधक गी ग्रध्यात्मकता दी डुग्राठनी तक्कर लेई जंदिऐ जित्थें बाह्‌रले संसार दा ज्ञान मुक्की जंदा ऐ, पर, ध्यान-समाधि दी ग्रवस्था इक उच्ची ग्रवस्था ऐ, जित्थें, भूत, भविख ते वर्तमान दे हद्‌द-बन्नें मुक्की गेदे न । काल दी हस्ती समाप्त होई जंदी ऐ । ससीम ग्रसीम इक होई जंदाग्रै । ध्यान ते ध्याता इच कोई भेत नेंई रौह्‌दा । छड़ा ध्या (मन्जल) रेही जंदा ऐ, जिस कन्ने मनै दी शान्ति मिलदी ऐ ते इक ऐसा परगड़ा होंदा ऐ जे भय, शंका, मानसक तनो-तनी, शरीरी रोग, संसारी पाबंदियां ग्रादि खत्म होई जंदिग्रां न । ए उऐ ग्रनुभूति ऐ, जिसदी सारे रहस्यवादिएं गी लोड़ होंदी ऐ । फरीद नै इस ग्रनुभूति गी ग्रात्म-त्याग ते ध्यान समाधि राहें प्राप्त करना चाहेग्रा हा । साधना दी खातर फरीद नैं ग्रपने हुजरे (कोठू) इच प्रवेश कीता ते मुर्शिद (गुरु) दे दस्से दा ग्रासन लाइग्रै बेही गेग्रा । ते, इस चाली उसदा मता सारा समय ग्रल्लाह् दी याद इच बतीत होन लगा । उसनै केई चिल्ले बी कीते, मतलब चालिएं दिनें लेई इक कोठुऐ इच तनहाई (एकांत) कट्टी ते ग्रल्लाह् इच ध्यान लाई रक्खेग्रा ।

ग्राखदे न जे उसनै खूहे इच पुट्ठे टंगोइऐ "चिल्ला-ए-माकूस" बी कीता हा । ए फैसला करना मुशकल ऐ जे ए घटना सच्ची ऐ, जां फरीद दे मुरीदें दी मन घड़त दन्त कथा ऐ । किश मिथक कत्थें दे ग्रनुसार फरीद दा ए चिल्ला छें महीनें तोड़ी चलेग्रा हा, ते केई इसदी मन्याद दस साल मिथदे ने । 'चिल्ला-ए-माकूस'दी काल ग्रवधि दे इलावा, फरीद दे सारे श्रद्धालुएं दा एब्बी विश्वास ऐ जे उसनै पुट्ठे टंगोने ग्राला ए चिल्ला 'उच्च' नग्गरै दे इक खूहे इच कट्टेग्रा हा । ए खूह मर्जीद-ए-हुज्ज दी मसजिद दै कच्छ ऐ । जिस हठ ते पक्के निश्चे कन्ने फरीद ग्रपने उद्‌देश्य पासै बधेग्रा हा, उसगी ध्यान इच रखदे होई, मन्नना पौंदा ऐ जे उसनै चिल्ला जरूर कट्टेग्रा होग । गुरु ग्रन्थ साह्‌ब इच संकलित फरीद दे किश श्लोकें इच इसदा ग्रप्रतक्ष जिकर होए दा ऐ । इत सरबंधै इच श्लोक 90 ते 91 ध्यान देने जोग न :

> फरीदा तनु सुका पिंजरु थीग्रा[1], तलिग्रां[2] खुंडहि[3] काग ।
> ग्रजै सु रब न बाहुड़िग्रा[4] देखु बंदे के भाग ॥ 90 ॥

ते—

> कागा करंग ढढोलिया[5] सगला खाइग्रा मासु ।
> ए दुइ नैना मति छुहउ, पिर देखन की ग्रास ॥ 91 ॥

1. होई गेआ 2. हथेलियां 3. खुंडना 4. बौह्‌ड़ना 5. टुप्पना

फरीद खूहे इच पुट्ठा टंगोए दा ऐ। कांएं उसदे शरीर उप्पर अपने आह्लड़े बनाई लेदे न, पर अजें बी ईश्वर दी तलाश दी लगन पूरी नेईं होई। दूए श्लोक इच, ओह् कांए दी मिन्नतां करदा ऐ जे उसदा शरीर चाहे हड्डिएं दा पिंजर गै रेही गेआ ऐ, पर उसदी अक्खीं नेईं खुंडी खाएओ, की जे अपने प्रीतम दे दर्शनें दी आस उसगी अजें बी ऐ ! अपने रब्ब दी तलाश इच फरीद नै हद्दा-बाहरा तप कीता हा। इस परचोल्ला दी खास लोड़ नेईं जे जदूं फरीद नै एह्‌कड़ा कठन तप (चिल्ला-ए-माकूस) कीता तां उस दी उमर किन्नी ही ? पर, ध्यान देने आली गल्ल ए ऐ जे इक तपस्वी दे नातै अपनी मुराद पानै लेई उसनें हद्द दर्जे दा कठन तप कीता।

आत्म-संयम ते अध्यात्मक अनुशासन लेई तपस्या सहायता करदी ऐ, पर, अपने आप इच ए नकारात्मक गुण ऐ। जेकर तपस्या करने कन्ने संसार थमां विरक्ति पैदा होंदी ऐ, तां उसदी पूर्ति ईश्वर दै प्रति आसक्ति कन्ने गै होंदी ऐ। फरीद दी तपस्या गी प्रभु दी गुंजायमान आस्तिकता दी पुठ लग्गी दी ही। उसदे मुंहां ए शब्द हर बेलै निकलदे रौंह्दे हे—"मेरा जीवन ते मरन तेरे गै नमित्त ऐ।" योगिएं दे विपरीत ओह् घर-बाह्‌र त्यागिऐ ते लोकें दे सुखें-दुखें कशा न्यारा होईऐ, बनवास लेई लैने इच विश्वास नेईं रखदा। उसदा जीवन-मरन चाहे ईश्वर नमित्त हा, पर लोकें कन्ने बी उसदी गैह्‌री दिलचस्पी सी। ओह् उंदी सेवा करना ते उनेंगी अध्यात्मक तौरै पर उप्पर चुक्कना चांह्‌दा हा। फरीद दे जीवन दे दो गै मनोरथ हे—परमात्मा कन्ने एकता प्राप्ति दी तांह्‌ग ते जनता दी सेवा।

बखत्यार काकी दी खानकाह् इच रौंह्‌दे होई, अबादत ते रेआज़त दै कारण फरीद होर, सन्त दे रूप इच प्रसिद्ध होइ गे हे। इक बारी अजमेर आले ख्वाजा मुईन-उद-दीन, जिनें भारत इच चिशती सिलसिले दी बुन्याद रक्खी ही, अपने मुरीद बखत्यार काकी गी मिलने लेई उसदी खानकाह् इच आए। जदूं उनें फरीद गी दिक्खेआ तां बोले : "बाबा बखत्यार। तूं इक शाही बाज़ पकड़ी लेआ ऐ। इसनै बहिशत दे पवित्र रुक्खैं दै छुट होर कुतै अपना आह्‌लड़ा नेईं बनाना। फरीद ओह् चिराग (दीया) ऐ, जेह्‌ड़ा दरवेशें दे सिलसिले गी रोशन करग।" ख्वाजा मुईन-उद-दीन नैं प्रसन्न होइऐ बखत्यार काकी गी गलाया हा, "तूं अपने मुरीद गी सीस दे।" अपने मुर्शद सामनै ओं अपने मुरीद—फरीद गी आशीर्वाद देआं, ए गल्ल सोभदी नेईं।" फी मुईन-उद-दीन ते बखत्यार काकी, दौनें रलिऐ फरीद गी सीस दित्ती। खालिक अह्‌मद निजामी इस साधारण घटना बारै लिखदा ऐ, "चिशती सिलसिले दे इतिहास इच ए इक ओचन सन्मान हा। फरीद कशा पैह्‌लें



ते उसदै परैंत, कुसै फ़कीर गी, इस चाली उसदे गुरु ते दादा गुरु नै किट्टें सन्मान नेंईं दित्ता।" खवाजा निजाम-उद-दीन दे मुरीद, अमीन खुर्द नै दौं छंदें इच लिखे दा ऐ :

"दौं फकीरें तुकी दो जहान बख्शे न,
तोह् जमाने दे दौं सुलतानें कशा सलतनत प्राप्त कीती है ।।
दोऐ जहान तेरी सलतनत न,
असल इच सारी सृष्टि तेरै नां लिखी दित्ती गेई है।"

ए कोई चवात नेईं जे अपने पवित्र जीवन, धार्मिकता, बन्दगी ते नमाज़ दी बदौलत फरीद तौले गै लोकप्रिय होई गे। बखत्यार काकी दी खानकाह् इच सैंकड़े-बद्धे लोक फरीद कोला 'तबीज़' (जैन्तर) लैन औंदे हे। आईं लोकें दा विश्वास हा, जे उसदे जैन्तर दुश्ट आत्माएं गी दूर रखदे न ते रोगें-व्याधिएं कोला रक्षा करदे न। आखदे न जे जैन्तर लैने आलें दी गिनती इन्नीं बधी गेई जे फरीद होरें गी जैंतर लिखने दे कम्मा थमां नमाज़ ते बन्दगी लेई वक्त गै बड़ी मुश्कलें लग्गै। इस बारे इच, उनें अपने मुर्शद कशा सलाह पुच्छी तां उनें सूफियाना लैह्‌जे इच परता दित्ता हा, "ए गल्ल स्हाड़े हत्थै इच नेंईं। अस ते साधन-मात्र आं; जेह्‌ड़े जैन्तर तूं लिखना ऐं, उंदे उप्पर अल्लाह् दा नां होंदा ऐ, ते अल्लाह् गै लोकें गी तन्दरुस्ती दिंदा ऐ। इस करी लिखदा चल।" ए दस्सने दी लोड़ नेंईं जे फरीद जैन्तर लिखदा रेहा ते लोड़मन्दें गी दिंदा रेहा। इक बारी शेख फरीद दे मुरीद निजाम-उद-दीन अग्गें एह्‌कड़ी मुशकल आई ही, तां फरीद नै आक्खेआ हा—

"तूं जैन्तर (तवीज) लिखने इच गै दुखी होआ करना ऐं, पर, अदूं तेरा केह् हाल होग, जदूं अनेकां गर्जमन्द लोक तेरे भित्त ठोहरङ्‌न ते हर इक चाह्‌ग जे तूं उंदे लेई दुआ (प्रार्थना) मंगें।"

जदूं मुरीदी-तौर फरीद दी शिक्षा सबूरी होइ तां उसदे मुर्शद कुतुब-उद-दीन बखत्यार नै उसगी हांसी जाइऐ अपना केन्द्र कायम करने दा हुकम दित्ता हा। पर, उसदे हांसी जाने कशा पैह्‌लें गै कुतुब-उद-दीन नै अपना फ़ातिहा पढ़वाइऐ, एलान करी दित्ता जे उसदे मरनें दै बाद फरीद-उद-दीन, गंज-ए-शक्कर, उसदा जान्नशीन होग, ते फी अपना डंडा ते मुसल्ला (आसनी) फरीद गी बखशीश करी दित्ता। उत्तराधिकार दे बाकी चिन्ह उसगी कुतुब-उद-दीन दे मरने परैंत थोए।

हांसी इन्ना पिछड़े दा नगर नेहा, जिन्ना फरीद नै समझे दा हा। जिला हिसार इच ए इक छौनी ते तारीखी थार ही जिसदा तुर्कें ते राजपूतें इच होई दी लड़ाइएं इच खास जिकर औंदा हा। फरीद केईं बरहे हांसी इच रेहा—किश इतिहासकारें दै अनुसार बारहां ते केइएं अनुसार वीह् बरहे। अपने मानवतावाद,

अपने पवित्र जीवन ते लोकें कन्ने अपने प्यार-मुहब्बत दे कारण फरीद नेड़ै-तेड़ै बड़ा लोक-प्रिय होई गेआ। किश सन्त-चरितकारें (साखी कारें) फरीद दे जीवन दे इस हिस्से दे वर्णन इच उसदी केईं करामातें दा जिकर कीता दा ऐ। मैक्स आर्थर मैकालिफ नै 20-वीं सदी इच फरीद दा जेह्‌ड़ा वृत्तान्त लिखेआ हा, उस इच बी उदिआं केईं करामातां बखानी दिआं न। पर, फरीद जनेह्‌ म्हानुएं गी अपनी अध्यात्मक थार (मुकाम) कायम करने लेई चमत्कारें ते प्रचार दी लोड़ नेईं होंदी। उस इच इक सूफी सन्त दे ओह्‌कड़े सारे गुण ऐहे, जिंदे करी फरीद लोकें ते ईश्वर दौनें दा प्यार पाई सकेआ। शेख मुईन-उद-दीन दै मुजब अल्लाह् गी ऐसा हर व्यक्ति प्यारा होंदा ऐ, जिस इच नदी दी उदारता ते सूरज ते धरती जनेही दान-वृत्ति होऐ। शेख फरीद आपूं चाहे गरीबी इच रौंह्‌दा हा, ते केईं बारीं उसगी फाके बी लग्गी जंदे हे, पर, उसदी खानकाह् इच हर कुसै गी शरण मिलदी ही ते खाने लेई बी किश ना किश थोई जंदा हा। मुसलमान गै नेईं, होर धर्में दे लोक बी शेख फरीद दा आशीर्वाद लैन ते अपने संसे, खतोले दूर कराने लेई, उसदी खानकाह इच औंदे हे। योगी ते साधु शास्त्रार्थ करने ते रूहानी ते धामिक मामलें पर प्रकाश प्राप्त करने लेई उत्थें पुजदे हे। फरीद हिन्दू ते मुसलमान बिच कोई भेद-भाव नेहा समझदा। उसगी उनें कट्टर-पंथी उलेमाएं दे दृष्टिकोण कन्ने घृणा ही, जेह्‌ड़े गैर-मुसलमानें गी 'काफ़र' आखदे हे। फिरी सूफी होने करी कुसै गी मुसलमान बनाना उसदा मन्शा नेहा। हां, जेह्‌ड़ा कोई अपनी खुश-रजाई कन्ने इसलाम कबूल करना चांह्‌दा, उसदे लेई नुहाड़े दरवाजे खुल्ले हे। फरीद कुरान दे इस फर्मान दा पूरा पाबन्द हा जे "मजहब दे मामले इच जोर-जबरी दा दखल नेईं होना चाही दा"। पर, एव्वी ते सच ऐ जे सूफिएं दे इक-ईश्वरवाद, भ्रातृभाव ते पवित्र जीवन ते शुद्ध व्यवहार, ते उस कशा बी मती, उंदी नेकी, दया-भाव ते धर्म ते वर्ण दी बंडें कशा उप्पर उट्ठिऐ लोकें दी निश्काम सेवा दी भावना नै हजारें हिन्दुएं, ते खास करी निक्की जातें गी इसलाम पासै खिच्चेआ, जेह्‌ड़े सदिएं धर्मां उच्ची जातिएं दी घृणा दे शिकार हे। फरीद गी बक्ख बक्ख धार्मक-विश्वासें दे लोकें बश्कार सहनशीलता दा प्रतीक समझेआ जंदा हा। अमरी हसन सिजजी, अपनी पुस्तक "फवाइद-उल-फ़ुआद" इच लिखदा ऐ जे इक बारी कुसै नै फरीद गी इक कैंची पेश कीती। फरीद नै उसगी आक्खेआ, "मिकी (कैंची नेईं) सुई दे, में कटदा नेईं, सीन्नां"। ओह्‌ चांह्‌दा हा जे लोक इक-दुए दे धार्मक विश्वासें गी समझिऐ, इक-दुए दै नजदीक औन ते इक-दुए दे दीन-धर्म दी श्रेश्टता दे आधार पर इक-दुए कन्ने बैर-बरोध ते घृणा नेईं करन। 'शरीअत' दे प्रति फरीद गी गैंह्‌री श्रद्धा ही ते ईऐ उस लेईं 'तरीकत' दा आधार ही। ओह् जिंदगी-भर प्रेम मार्ग उपर गै चलदा रेहा, ते ईऐ सूफी मत दा मूल आधार ऐ। उस प्रेम इच अल्लाह् दा इश्क ते ओह्‌दी खलकत कन्नें प्यार दोए शामल न।



फरीद आक्खदा हा जे 'खालक' (स्रष्टा) गी पाने दा इक साधन ऐ, उसदी 'खलकत' (सृष्टि) कन्ने प्यार। हांसी बिच उसनै प्रेम दा वातावरण तैयार कीता ते प्रेम राहें भेद-भाव, लड़ाई-झगड़े, बैर-बरोध ते फ़िरकादारी आली घृणा गी मिटाने दे जतन कीते। ए मानवतावाद ते विश्व-प्रेम, ते भाई-चारे दी भावना सूफी सन्तें दा धर्म बनी गेई। इस्सै लेई अज्जै तोड़ी हिन्दु-मुसलमान ते सिक्ख उनें सूफी सन्तें गी बड़ी श्रद्धा कन्ने याद करदे न। ते, उस जमाने दी स्यासी ते समाजी उथल-पुथल ते अस्थिरता इच शेख फरीद नै अपने आले दुआले दे लोकें इच इक चाली दी क्रान्ति पैदा करी दित्ती ही।

उनें दिनें गै कुतुब-उद-दीन बखत्यार काकी दे देहान्त दा समाचार आया। फरीद दिल्ली गेआ ते उत्थें उसगी सैली टोपी (सूफी विरसे दे नशान) देइऐ चिश्ती सिलसिले दा मुर्शद (प्रमुख धर्मगुरु) बनाई दित्ता गेआ। दिल्ली दा जीवन हांसी कशा बिलकुल जुदा हा। उत्थें समाजी कार-व्याहर ते धार्मक विचार-विमर्श मता रौंह्‌दा हा। बड़े-बड़े ऐह्‌लकारें ते मन्ने-परमन्ने दे लोकें दी आओ-जाई लग्गी दी रौंह्‌दी ही, ते ओह्‌ लोक निजी तौर'पर फरीद कन्नें मलाटी करने उप्पर जोर यांदे हे। राजसी कूटनीति दिआं चालां अन्दरो-अन्दरी चलदिआं हिआं, ते अकसर धार्मक नेता बी उंदे इच उलझी जंदे हे। जागीरदारी ढांचा, अपने स्वातम अनुसार तनोतनी, बैर-बरोध ते मौका-परस्ती कन्ने लदोए दा होंदा ऐ, ते इसलामी राज इच न्यायशास्त्र बी धर्म दा इक अंग होंदा ऐ। इस लेई राजनीति ते धर्म इक-दूए दे दे अंग संग रौंह्‌दे न ते धार्मक-मुखिएं गी सरकारी हाकमें दे इशारें पर चलना पौंदा ऐ। इस करी कट्टरपंथी धर्मशास्त्रिएं ते सूफिएं दे राजसत्ता (हकूमत) बारै रवैय्ये ते सूझ-बूझ इच फर्क गी समझी लैना चाही दा ऐ। इस इच बी शक्क नेईं जे सूफिएं ते उलामें बशकार खटपटी दे किश अध्यात्मक कारण ऐहे; उलेमा राजधर्म दे प्रतिनिधि जे होंदे हे। सूफी अल्लाह् कन्ने सिद्धे साक्षात्कार दी तरफ-दारी करदे हे ते अध्यात्मक साधनें राहें धरती उप्पर अपने जीवन इच गै अल्लाह् कन्ने 'वसल' (मिलाप) हासल करने इच जकीन करदे हे। ते उलेमा, जेह्‌ड़े जजा (कयामत) दै दिन जन्नत (स्वर्ग) जां दोजख (नरक) इच भेजे जाने दे न्यां उप्पर विश्वास रखदे हे, इस्सै जीवन इच गै ईश्वर-दर्शन आली धारणा दा जोरदार विरोध करदे हे। उंदी धारणा ही जे आदमी अपने जीवन इच अल्लाह् कन्ने निजी सरबंध नेईं कायम करी सकदा। एह्‌कड़ा सर्वाधिकार हजरत मुहम्मद गी गै प्राप्त हा। इस करी अल्लाह् दे दर्शन, जां उस कन्ने 'बसल' (इकमिकता) दी गल्ल गै निर्मूल ऐ। इन्सान ते अल्लाह् दे रह्‌म-कर्म दी आस रक्खी सकदा ऐ, जेह्‌दे राहें उस गी स्वर्ग इच परम आनंद प्राप्त होऐ। पर, सूफी लोकें दा गलाना हा जे केईं ऐसे सूफी बी होई गुजरे न जेह्‌ड़े इक पल बी अल्लाह् दे दीदार बाझ

नेहे रेही सकदे। सूफी इस दुनियां दे धन-दौलत ते स्वर्ग-नरक दी बी कोई परवाह नेईं करदे।

ए गल्ल जिकर करने लायक ऐ जे सूफिएं दा चिश्ती सिलसिला हकूमत कन्ने सारे सरबन्ध त्रोड़ी लैने पर जोर दिंदा हा। पर, जेह्‌लै राजसत्ता मती बलवान होग्रै, तां उस कन्ने भलेग्रां सम्पर्क त्रोड़ने सम्भव नेईं होंदे। पर, हकूमत दे बारै फरीद दा अपना रवैया इनें दौ घटनाएं कशा स्पष्ट होंदा ऐ। जदूं सुलतान बलबन नै उसदै नां चौं ग्रांए दी जगीर लाने दा पटा ते मती सारी रकम नकद भेजी तां फरीद नै ओह्‌कड़ी रकम ते कबूल करी लेई ते गरीबें गी बण्डी दित्ती, पर, जगीर लैने थमां नांह्‌ करी छोड़ी। ते ग्राक्खी भेजग्रा जे "इस चाली ते ओह्‌ इक जगीरदार बनी जाग', सूफी ते दरवेश नेईं रौह्‌ग।" ईयां गै, इक बारी फरीद गी, कुसै आदमी लेई सुलतान बलबन कच्छ सफारश करना पेई तां उसनै लिखेग्रा हा—"ए मामला, में पैह्‌लें ग्रल्लाह अग्गें ते फी तुसाड़े ग्रग्गे रक्खनां। जेकर तुस इसगी किश देई सको, तां ग्रल्लाह दे इक गुमाशते दे रूप, तुस धन्नवाद दे हक्कदार होगेग्रो। पर, ग्रसल दाता ते अल्लाह गै ऐ जेकर तुस नांह्‌ करी छोड़गेग्रो, तां ओह्‌ तुसाड़े बस दी गल्ल नेंईं होनी, की जे ग्रो नांह्‌ ग्रल्लाह गै करवा करदा होग।" इस बारे इच फरीद दी अपने मुरीदें गी नसीहत बड़ी टकोदी ऐ "जेकर तुसेंई रुहानी तरक्की दी लोड़ ऐ, तां शाहजादें कन्ने मेल मलाप नेंईं रक्खेग्रो।"

ग्राखर, दिल्ली दे जीवन ते उत्थों दी राजनीति कशा तंग ग्राइग्रै, फरीद हांसी परतोई ग्राया। पर, इत्थें बी उसगी मनै दी ओह्‌कड़ी शान्ति नेंईं मिली, जेह्‌ड़ी ओह्‌ चांह्‌दा हा। जित्थें बी ग्रोह्‌ जंदा, लोकें दी भीड़ जमा होई जंदी ते नुहाड़ा सारा समां लोकें दे लेखै लग्गी जन्दा। इस करी उसदे ग्रन्तः करण नै हांसी दी बजाए कुसै ऐसे एकान्त स्थान पर जाने दी प्रेरणा दित्ती, जित्थें ग्रोह्‌ अपनी साधना दा उद्‌देश—ईश्वर कन्ने मिलन (वसल) प्राप्त करी सकै। इस करी हांसी दी खानकाह् अपने इक मुरीद (चेले) गी सौंपिग्रै आपूं ग्रजोधन चली गेग्रा, जेह्‌ड़ी थार हुन पाकिस्तान दे जिला मिंटुगुमरी इच पाकपटन खोग्रांदी ऐ।

शेख फरीद नै ग्रजोधन दै बाह्‌र, जोग्राड़ी इच, रुक्खें दी इक भंगी इच कुल्ली बनाई लेई, जिस दे चपासै केई मीलें तोड़ीं रेतले-टिब्बे ते झाड़ियां गै झाड़ियां, ते सप्पें ते जंगली जानवरें दी भरमाली ही। इत्थें उसदी माता गी कुसै मिरगै टुक्की खादा ते फरीद गी बी इक बारी सप्प पुड़ेग्रा हा। इत्थें किश चिरै लेई फरीद नमाज ते इबादत इच रुज्झेग्रा रेहा, ते फी उसनै अपने कच्छ लोकें दी ग्राग्रो-जाई दी खुल्ल देई छोड़ी।



ए ग्राम करिऐ होंदा गै जे जित्थें कोई सन्त-पुरुष ग्राई बसदा ऐ, उत्थें सैंकड़े बद्धे श्रद्धालु भगत औन लग्गी पौंदे न, ते थोड़े चिरै इच गै ग्रजोधन इच बी इक खानकाह् ते जमायत खाना तेग्रार होई गेग्रा, ते दूरा-दूरा दा लोक फरीद दे दर्शन लेई औन लग्गी पे। पर, उसदी प्रसिद्धी ते दिनों-दिन बधदी लोक-प्रियता दै कारण ग्रजोधन दा काज़ी फरीद कन्ने खार खान लग्गी पेग्रा। उसनै जगीरदारें ते एह्‌लकारें गी फरीद ते उसदे परिवार ग्रालें दै बरुद्ध चुक-चुकाई शुरु करी दित्ती। इत्थें तोड़ी जे काज़ी नै फरीद गी मरवाने लेई बी इक ग्रादमी भेजेग्रा। पर, शेख निजाम-उद-दीन दा गलाना ऐ जे ओह्‌ ग्रादमी ए दिक्खिऐ जे फरीद गी उसदी बुरी नीता दा पता लग्गी गेदा ऐ, उत्थुग्रां नस्सी गेग्रा हा।

ते फी, काज़ी नै फौजदार अग्गें चुगली लाई जे फरीद दी खानकाह् दे बासी इसलाम दे ग्रसूलें दै बरखलाफ राग-रंग-नाच इच शामल होंदे न। फौजदारै फरीद ते उसदे पुत्रें गी बड़ा तंग कीता। पर, फरीद दे सबर ते सहनशीलता नै फौजदारै दा बरोध खत्म करी दित्ता। ग्राखदे न जे फ़ौजदार तौले गै कुसै रोगै कन्ने मरी गेग्रा।

ग्रजोधन रौंह्‌दे फरीद नै ब्याह् (निकाह्) कीते ते उसदा खरा बड्डा टब्बर-टोर होई गेग्रा। बिश्वास कीता जंदा ऐ जे उस दिग्रां त्रै पत्निग्रां हिग्रां। ते उंदे बिचा इक सुलतान बलबन दी धी ही। पर, इतिहास इसदी तसदीक नेंईं करदा। इसदे इलावा, शेख फरीद, अपने सिलसिले दे नियमें ग्रनुसार, सुलतान ते उसदी अफसरशाही कन्ने कोई सरबन्ध रक्खने दे हक्क इच नेहा। फिरी, ओह्‌ सुलतान बलबन दी धीउ कन्नें किग्रां निकाह् करी सकदा हा? ते एब्बी सोचने ग्राली गल्ल ऐ जे सुलतान दा जमात्रा होंदे होई, ओह्‌ इन्नी गरीबी की कटदा? इस करी सुलतान दा जोग्राई होने ग्राली गल्ल, "जवाह्‌र-ए-फ़रीद" दे लेखक ग्रली ग्रसरार चिश्ती दी खामख्याली गै सेही होंदी ऐ। इस्सै चाली फरीद दे नां कन्ने जुड़ी दी किश करामातें दा बी उस पुस्तक इच वर्णन होए दा ऐ। सूफिएं दे नियम अनुसार फरीद कच्छ दान जां चढ़ावे दे तौर जे किश बी ग्रौंदा हा, ग्रोह्‌ गरीबें गी बंडी दित्ता जंदा हा। ते, फरीद दे परिवार गी केई बारी मुक्ख-नंग दिक्खना पौंदी ही। पर, शेख फरीद गी ग्रापू इनें कठनाइएं दी परवाह नेही। ग्रोह्‌ इनें मुशकलें गी "ग्रल्लाह् दी मरजी" थापदा हा, ते अपना मता सारा वक्त नमाज, रोजा ते परहेज इच गै गुजारदा हा।

शेख फरीद दी शोह्‌रत ते उसदा असर-रसूख दूर दूर तोड़ी फैलेग्रा, ते इसकरी उसदे 'जमातखाने' इच हर तबके दे लोक खचोए दे ग्रौंदे हे। उसदे मुरीदें दै इलावा विद्वान, सौदागर ते सरकारी ऐह्‌लकार ते पेशावर लोक बी उत्थें ग्रौंदे हे। ए लोक थोड़े चिरै लेई, जां हमेशा लेई बी ग्रपनी कार-किरत छोड़िग्रै, अपनी

अध्यात्मक उन्नति आस्तै उत्थें आई बसदे हे ते फकीरी जिंदगी कटदे हे। इतिहास इच केईं मन्ने-परमन्ने दे नां मिलदे न जेह्ड़े बड़ी मसकीनी कन्ने लोक-सेवा करने लेईं इत्थें आए ते आत्मा दी सुख-शान्ति, जिसदी उनेंईं बड़ी तांह्ग ही, इत्थें प्राप्त कीती।

शेख फरीद दी इन्नी भारी लोकप्रियता दे के कारण हे? वैसे, सन्त-महात्मा हर देश इच लोक-प्रिय होंदे न। उंदी फ़कीरी ते अध्यात्मक उपलब्धि दी हुल्ल मची जा तां उंदे श्रद्धालुएं दी गिनतरी बधदे चिर नेंईं लगदा। भारत इच ते आदिकाल थमां साधु-सन्तें दी लीह् चलदी औआ करदी ऐ। साधारण प्राणी गी हर प्रकार दा दुक्ख, क्लेश, शोक ते मानसक तनाव जरने पौंदे न। ओह् शान्ति ते सहारे लेईं अपनै आलै-दुआलै हाम्बदा ऐ ते सारे दर-दुआर ठोह्रदा ऐ। ए दिक्खिऐ जे अपनी कार-किरतै इच रुज्झे दे लोकें कच्छ उसदे दुक्ख-दर्दै दी कहानी सुनने लेईं वक्त गै नेंईं होंदा ते नां गै उस दुक्ख-दर्दै दी कोई कारी गै उंदे कच्छ होंदी ऐ तां ओह् सूफिएं-संतें पास्सै मुड़दा ऐ; सिफ जिंदे कोल गै उस दे प्रश्नें दा हल करने लेईं वक्त, इच्छा ते संभावना होंदी ऐ। फिरी, किश लोक ऐसे बी हैन जिनें ए संसार रज्जिऐ दिक्खी लेदा होंदा ऐ, जेह्ड़े धन-दौलत दी निरर्थकता बारै बी जानदे न, ते जिनें संसारी सुखें ते खुशिएं दा खोखलापन ते चलायमान-जीवन ते उसदी नश्वरता बी दिक्खी लैदी होंदी ऐ। ऐसे लोक आत्मा दी शान्ति लेईं कुसै मार्ग-दर्शक गी तुपदे फिरदे न। इस मनोरथ गी पाने लेईं ओह् पुज्जे दे साधु-सैन्तें दै छुट्ट होर कुत्थें जाई सकदे न?

चिशती सिलसिले दे मुखिया दे रूप इच, शेख फरीद दी धार्मकता, रेआज़ ते अबादत, ते हर इक लेईं उसदे हर बेलै खुल्ले दे दरबाजे, ते दुक्खी-जनें ते गरीबें दी मदाद लेईं उसदी तत्परता, ते सारें कशा मती हमदर्दी दी भावना ते हलीमगी नै शेख फ़रीद गी हिन्दुस्तान बिच सबनें मुसलमान पीरें कशा मता लोकप्रिय बनाई दित्ता दा हा।

शेख फरीद दी जन-भाशा—हिंदिवी, जेह्ड़ी उर्दू ते मुलतानी-पंजाबी दा आदि रूप ही, फरीद गी जनता दै मते कच्छ लेई आई। जदूं मुसलमान उलेमां ते अधिकारी अपना कार-बेहार फ़ारसी इच करदे हे तां फरीद अपने अगों-पिच्छें दे लोकें कन्ने उंदी घरेलू बोली इच बोलदा-चालदा हा। शेख फरीद पंजाबी दा महान कवि बी ऐ हा, शायद पैह्ला जिसनै पंजाबी इच अपना अध्यात्मक खतोला जन-बोली इच गाई सुनाया हा। उसनै ग्राईं-परिबेश बिचा बिम्बें तै अलंकारें दी बरतून कीती ही। इस करी उसदी कविता बड़ी हर-मन प्यारी होई गेई। फरीद दे श्लोक गाई-गाई लोकें गी किन्न खुमार औंदा होना इसदा क्याफ़ा लाइ सकनेआं, कन्नें गै इस गल्ला दा बी जे ओह् कव्वाली ते गजल दी गायकी ते समूह्नाच दी मस्ती दा



वातावरण बी बनाई दिंदे होने न जेह्दे इच मुर्शद ते मुरीद, ते गाने-सुनने आले, सब इक-मिक होई जंदे न। ए उच्च कोटि दा समानतावाद हा।

फ़रीद महान विद्वान ते उच्च कोटी दा शिक्षक बी हा। उस कच्छ दूरा-दूरा दा जिज्ञासु ते विद्वान औंदे हे ते उस कन्ने सत-संगत करिऐ तृप्त होंदे हे। शिक्षक दे तौर उप्पर उसदा बड़ा आदरमान हा ते अनगिणत लोक ओह्दे कच्छ सूफी मत दे रहस्य जानने लेईं औंदे हे। आपने चेलें-मुरीदें कोला कम्म लैने इच फरीद बड़े सख्त सुभा दा मालक हा, पर, उस इच अपनी कथनी गी करनी इच लेऔने दा गुण बी ऐहा।

शेख फ़रीद नै अपने आपगी हिन्दोस्तानी लोकें कन्ने इक-मिक्क गै नेईं कीता बल्के सूफी मत गी बी उसनै हिन्दोस्तानी ढांचे इच ढाली लेआ। उसनै ते उसदे बाद अनेक सूफिएं भारत दे वेदान्त, बुद्धमत, ते भगती मार्ग बिचा मता किश ग्रह्ण कीता। भारती योगिएं दा अनुकरण करदे होई केईं सूफी संत कठन तप-चर्या बी करदे हे। बुद्ध भिक्षुएं आला लेखा ओह् लोकें दे घरा भिक्ख मंगी आनदे हे। वैष्णव भगतें आला लेखा, ओह्, अपने प्रीतम प्रभु बिच लीन होइऐ मस्ती इच गांदे ते नचदे बी हे। उनें अपने संदेश दे प्रचार लेईं जन-बोली गी गै माध्यम बना-एआहा ते भगतें आला लेखा ओब्बी जात-पात ते फिरकादारी दे भेद-भाव भुलाइऐ निचली जातिएं गी अपने कन्ने रलाने थमां संकोच नेहे करदे। भारती भगती मार्ग ते सूफी मत इच इक होर सांझ बी ऐही। सूफी ब्याह्-प्रथा इच विश्वास करदे हे ते गृहस्थी बसांदे हे। उंदी तपस्या ते विरक्ति दा भाव दुनियां कशा मुंह मोड़ना नेंईं हा। ओह् अपने आस्से-पास्से दे लोकें दे सुख-दुक्ख थमां बे-लाग नेहे। परमेश्वर ते उसदी सृष्टि (खलकत) कन्ने प्यार करना गै उंदा धर्म हा, ते ए प्यार उंदे अध्यात्मक जीवन दा मूल आधार हा। ओह् दार्शनिक ते बौद्धिक बरीकिएं बिच पौने दै थार सुभावक जीन जीने दी पद्धति उप्पर जोर दिंदे हे। भगती मार्ग आंगर सूफी बी 'त्याग' तै 'भगती' दे दौं तत्त्वें इच समन्वय पैदा करना चांह्दे न। ते, बड़े महत्तव आली गल्ल ए जे ऐ ओह् प्राचीन वेदान्त मत दै अनुसार जीवात्मा ते परमात्मा दे अद्वैत भाव गी मन्नदे न। ते, उंदा मार्ग (तरीकत) प्रेम दा मार्ग ऐ, ते 'अनन्त दा दर्शन' बी 'ईश्वर-प्रेम' दा पर्यायवाची ऐ।

शेख फ़रीद दी उमरी दे अखीरले साल बड़ी गरीबी इच गुजरे। ए दस्सना कठन ऐ जे फरीद दे मुरीदें दी इन्नी मती गिणतरी ते उसदी इन्नी मती लोक-प्रियता दे होंदे होई बी, उसदी खानकाह् दी सारी चढ़तल यां आमदन कुत्थें सम्भी गेई? परतीत ए होंदा ऐ जे इनें दिनें शेख फरीद ते उंदे टब्बरा दिआं साधारण घरेलू लोड़ां बी पूरिआं नेहिआं होंदिआं। पर, उस घोर गरीबी बिच बी उसदी दुआ-नमाज़, रोज़े ते रेआजत इच कोई फर्क नेंई पेआ। 15 अक्टूबर सन् 1265 गी

अपने आखरी सुआस लैंने कोला पैह्लें फरीद नै त्रै बारीं अबादत कीती ते "हे नित्यजीवी ते अविनाशी" दा सिमरण करदा मौती दी गोदै इच सेई गेआ। इस चाली मध्ययुग दे इक महान सन्त दी जीवन लीला समाप्त होई।

शेख फ़रीद दी शिक्षा दे त्रै मूल आधार हे—'ईश्वर कन्ने प्यार', 'मन दी शुद्धि', ते 'धन सम्पत्ति ते मान-बडयाई दा त्याग'।

ईश्वर प्रेम राहें मानव-प्रेम दी बट्टोतार बनदी ऐ, ते दया, सज्जनता, उदारता ते नेक कर्मं राहें सामनै औंदी ऐ। काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार त्यागने कन्ने मन शुद्ध होंदा ऐ। ईआं, बाहरली दुनिया दे प्रलोभनें कशा हटिऐ, मन शान्ति दे मार्ग पासै गेईं पुटदा ऐ। अध्यातमवाद दी प्राप्ती दे रस्तै पर ए पैह्ला कदम होंदा ऐ। शेख फ़रीद 'अल्लाह् दे खौफ' उप्पर बड़ा जोर दिंदा ऐ की जे इस्सै 'खौफ' करी गै इन्सान अपने कर्मों (ऐमालें) दी परख करी सकदा ऐ ते 'रोजेजजा' (कर्म-फल दे निर्णें दा दिन) गी याद रखदा ऐ। परोक्ष रूप इच, ए जिंदगी गी सदाचार ते नैतिकता दे रस्ते उप्पर लेई जंदी ऐ। सदाचार दे नियमें दे सूक्ष्म बोध बिना फकीरी (रहस्यवादी) जीवन पासै पैह्ली गैं बी नेंई पटोंदी। शेख फरीद नै गरीबी दे जीवन उप्पर, धनै दे लोभ ते दुनियावी कामनाएं गी त्यागने पर बड़ा जोर पाए दा ऐ। इस क्षण-जीवी ते चलाएमान संसार दा मोह्-जाल दुक्खें-क्लेशें दा कारण ऐ ते कन्नें ऐसे अन्तहीन बन्धनें दा जिंदे कोला मरने परैंत गै छुटकारा मिलदा ऐ। शेख फरीद इक पल लेई बी ए नेंई भुलदा जे मानव-जीवन दा मुक्ख उद्देश परमात्मा कन्ने मिलन गै ऐ। इस करी ओह् लोकें गी प्रेम-मार्ग बारै उजागर करदा ऐ, जिस उप्पर चलिऐ गै मनोरथ प्राप्त होंदे न। ओह् अपने मुरीदें गी गरीबी दा ते संजमी जीवन बिहाने दी सिक्खमत्त दिंदा ऐ ते गरीबें ते हाजतमन्दें दी सेवा राहें अल्लाह् दी इबादत पर जोर पांदा ऐ। शेख फरीद नैं कोई दार्शनक सिद्धान्त पेश नेईं कीता, बस नैतिक जीवन उप्पर गै जोर भरेआ हा। पैह्लें शरीयत दे कानून दी करड़ी पालना कराइऐ, फरीद अपने मुरीदें गी बल्लें-बल्लें अगली पढ़ाई पर नेंदा गेआ, अर्थात 'तरीकत' दे बाद 'मार्फत' ते फी 'हकीकत' दे पास्सै। इनें पढ़ाई दा अपना अनुशासन ऐ ते अपनी गै कठोर साधना ऐ। इस चाली सच्चे-सुच्चे जीवन दी शिक्षा दिंदे होई, फरीद नै अपने अनुयाइएं'च जिज्ञासा उत्पन्न कीती।

शेख फरीद नै प्रचार कीता जे अल्लाह् दे दरबार इच सब मनुक्ख इक समान न, ईमान-धर्म चाहे कोई बी होऐ। उस दी चलाई दी "फरीदी लंगर" (सजज्नें लेई समान सहभोज) दी व्यवस्था, हर चाली दे भेद भाव दूर करने दा गै इक साधन हा।



शेख फरीद दी शिक्षा दा इक पेह्लू ऐसा हा, जिस पर आधुनिकता दी रंगत फब्बदी ऐ। ओह् कड़े मध्यकाल दे दिनें इच, जदूं लोकें कोल काफी फालतू वक्त होंदा हा, ओह् गलांदा हा जे कुसै दरवेश कच्छ सारें कशा कीमती चीज ऐ, समां। ए जिंदगानी बड़े थोड़े दिनें दी ऐ ते दरवेश दी यात्रा बड़ी लम्मी ऐ। इस करी उपलब्ध समय थमां उसनै मते कशा मता लाह् कड्डना चाही दा ऐ फरीद दी खानकाह् दे नियम बड़े कठोर हे। नित-नियम दे पालन दे मामले इच किसै चाली दी ढिल्ल नेह्ी दित्ती जंदी।

शेख फरीद नै कुरान दे हुकम दै अनुसार जकात (दान) उप्पर मता जोर पाए दा ऐ। आदमी गी अपनी आमदनी दा किश हिस्सा जरूर दान करना चाही दा ऐ। दान-पुन्न उत्तम गुण ऐ। ते, उत्तम दान एह् ऐ जे आदमी अपने कच्छ किश बी नेंई रक्खै, की जे अध्यात्मक जीवन दे मार्ग इच संसारी पदार्थ रुकावट पांदे न, ते आदमी इनें पदार्थें गी जिन्ना त्यागदा ऐ, उन्नां ओह् उप्पर उठदा ऐ। फरीद नै आचार-व्यवहार दे जिनें नियमें दा प्रचार कीता, ते आपू बी जिंदे उप्पर उसनै अमल कीता हा, ओह् इक महान सन्त दी बुद्धिमत्ता ते जीवन मार्ग दी सच्ची सूझ-बूझ दा गै सारांश ऐ। फरीद नें उनें गुणें गी अपने जीवन इच साकार कीता हा।

# 3

## फ़रीद मस'ऊद जां फ़रीद सॉनी

मजहब दे इतिहास दी ए इक्क बड़ी चबात ते अनहोनी घटना गै समझो जे फ़रीद दी रचनाएं दी सांभ-सम्हाल होई सकी। आखदे न जे फरीद नै अरबी, फ़ारसी ते हिंदवी ते पंजाबी आदि भारती बोलिएं इच बी रचना कीती ही, पर, बड़ी हरानी आली गल्ल ऐ जे अरबी, फ़ारसी ते हिंदवी इच उंदे टामे-टामे शेअर (श्लोक) गै मिलदे न, ते इतिहास दी खोज करने आले उनेंगी प्रमाणक ते असल नेंई मन्नदे। प्रोफेसर के० ए० निजामी अपनी पोथी 'Life and Times of Farid-ud-Din Ganj-i-Shakar' (फरीद दी जीवनी ते युग) इच इनें त्रौं पुस्तकें दा जिकर करदा ऐ :

1. 'फवाद इद-उस-सलाकीन' (कुतुब-उद-दीन काकी दे मलफाज) रचना–शेख फ़रीद-उद-दीन; 2. 'असरार-उल-औलिया' (पुज्जे दे फकीरें दे रहस्य): शेख बदर-उद-दीन इसहाक द्वारा संकलित; ते 3. 'रबात-उल-क़ुलाव', जिसदे बारे इच आक्खेआ जंदा ऐ जे बाबा फरीद दे इनें मलफाज (वार्ताएं) दा संकलन शेख निजाम-उद-दीन नै कीता दा ऐ। प्रो० निजामी दे गलाए मूजब इनें त्रौनें पुस्तकें दा आधार अन्दरली ते बाहरली शहादतां गै हैन, ते ए सब मन-घड़त सेही होंदिआं न। इस समग्गरी गी शेख फरीद दी जीवनी लिखने लेई प्रमाणक नेंई समझेआ जाई सकदा।

फ़रीद दे उत्तराधिकारिएं जां उसदे मुरीदें बिचा कुसै नै बी फरीद दी लिखतें गी कलमबन्द करने दी खेचल नेंई कीती। पर, उसदे पंजाबी दोहें (सलोकें) गी, जेह्ड़े उसदे उत्तराधिकारिएं कच्छ पिता-पुरखी मुंह्-जबानी चलदे औआ दे हे, गुरु नानक दे रूप इच इक सच्चा कदरदान मिली गेआ। गुरु नानक देव जी नै अपनी रचनाएं कन्ने गै, शेख फरीद दिआं रचनां बी सम्हाली रक्खिआं ते अपने उत्तर-अधिकारी, गुरु अंगद देव दै सपुर्द करी ओड़िआं। सन् 1604 ई० इच गुरु अर्जुन देव (1563–1606) होरें 'आदि ग्रन्थ' दा संकलन कीता तां ओह् कढ़िएं रचनाएं गी ग्रैंथ साहिब इच "सलोक शेख फरीद के" सिरनामे कन्ने शामल करी लेआ। इस चाली बाबा फरीद दिआं ओ रचनां 'गुरुवाणी' इच स्थान पाइऐ पवित्र ते अमर होई गेइआं।



प्राचीन जन्मसाखिएं (प्राचीन जीवनिएं) अनुसार नानकदेव जी (1469–1539 ई०) दो बारी पाकपटन गे हे। उनें शेख फरीद दे 12-वें उत्तराधिकारी शेख इब्राहीम कन्ने गल्ल-कत्थ कीती ही। शेख इब्राहीम नै उनें (नानकदेव) गी फरीद दे श्लोक सुनाए हे। उनें श्लोकें दा विषय हा, 'परम सत्य कन्ने मिलाप लेइ तड़प'; 'मनुक्खी जीवन दा नाशवान होना'; 'धन-दौलत ते संसारी पदार्थें दा टिकाउ नेंई होना'; 'ईश्वर दै प्रति अथाह् प्रेम'; 'ईश्वर दी नजरी इच मनुक्ख–मात्र दी समानता'; 'मौत ते कर्म-फल दे निर्णे आले दिना दी महत्ता'; ते 'पाप कर्में दी सजा'; 'अध्यात्मक ते संसारी जीवन दा मेल'; ते 'सदाचार कन्नें चरित्र सरबन्धी गुणें गी साद्धना'। इस सारी विषय-वस्तु दा अध्ययन करो तां चबात नेंई बझोंदा जे नानक देव जी गी जेह्ड़े इसलाम ते हिन्दु धर्म कशा न्यारे हे, फरीद कन्नें आंतरिक ते विशेश भावनात्मक एकता महसूस होई। इनें रचनाएं दे स्वातम दी अध्यात्मकमा, शक्तिशाली उदारवाद ते मानवतावाद थमां ओह् बड़े प्रभावत होए ते उनें फ़रीद दी बाणी गी लिखत रूप इच अपने कश सम्हाली रक्खेआ, तां जे औने आलिआं पीढ़िआं उंदे कशा लाभ हासल करी सकन।

त्रैंक सौ सालें तोड़ी कुसै गी उनें रचनाएं दे रचनाकार दे बारै इच कोई शंका नेंई होई। लोकें दी ईऐ मानता रेही, जे ओह् शेख फरीद-उद-दीन गंज-ए-शकर दिआं गै रचनां न, होर कुसै दिआं नेंई। पर, मैंक आर्थर मेकालिफ नै 'सिक्ख धर्म' नां दी अपनी विशाल पुस्तक इच ए विवाद खड़ा करी दित्ता जे "गुरु नानक दा जन्म सन् 1469 ई० इच होआ, इस करी मुंढले फरीद कन्ने उंदी मुलाकात होना सम्भव नेंई ही। गुरु जी दी प्राचीन साखिएं इच लिखे दा ऐ जे फरीद दे उत्तराधिकारी, 'शेख (इब्राहीम) कन्ने जिसी 'फरीद सॉनी' बी आखदे न, उंदी दो बारी मुलाकात होई ही। इस लेई इस इच शक्क नेंई जे उनें सब्दें ते सलोकें दा, जेह्ड़े शेख फरीद दे नां कन्ने, 'ग्रन्थ साहिब' इच आए दे न, रचनाकार शेख ब्राह्म (शेख इब्राहीम) हा, जिसनै अपने आध्यात्मक-पूर्वज दा कवि नाम बरतेआ हा।" इस प्रकरण इच मेकालिफ नै शेख ब्राह्म दी वंशावली बी दित्ती दी ऐ, ते दस्से दा ऐ जे उस गी 'फ़रीद सानी' जां 'फ़रीद दोयम' गलान्दे हे। पिछले पंजाएं (50) सालें थमां, उनें श्लोकें ते शब्दें दे रचनाकार दे बारै इच पंजाबी साहित्य दे विद्वानें ते इतिहासकारें बश्कार विवाद चलदा आवा करदा ऐ जे उंदा रचनाकार 'पैह्ला शेख फरीद' ऐ जां फ़रीद सानी ? दौनें धड़ें इच मन्ने-परमन्ने दे विद्वान हैन, इस करी इस बारे इच किश विस्तार कन्ने गल्ल करने दी लोड़ ऐ।

प्रो० निजामी दी मानता ऐ जे शेख फरीद गी कविता दी लगन ही ते उसनै काव्य रचना कीती ही। ओह् एह्बी मनदा ऐ जे अमीर खुर्द नै अपनी पुस्तक 'सियार-उल-औलिया' इच मुलतानी उप-भाशा इच रचे दा फरीद दा इक

श्लोक दित्ता दा ऐ। पर, प्रो० निजामी गी ए सोच परेशान करदी ऐ, जे नां निजाम-उद-दीन औलिया नैं ते नां गै शेख फ़रीद दे कुसै उत्तराधिकारी नैं शेख फ़रीद दे इन्नी मती गिनतरी दे श्लोकें दा कुतै जिकर कीता दा ऐ। प्रो० निजामी अग्गें लिखदा ऐ जे उनें श्लोकें दी भाशाई परचोल थमां पता लगदा ऐ जे उन्दे विच किश ऐसिआं उक्तियां ते मुहावरे हैन, जेह्‌ड़े कुसै बीते दे जमाने दे सेही होंदे न। पर, एव्वी आक्खेआ जन्दा ऐ जे पैह्‌ली गल्ल छड़ी नकारात्मक ऐ, ते, दूई दे समर्थन इच कोई उदाहरण नेईं दित्ता गेदा। इस करी प्रो० निजामी इस नतीजे उप्पर पुज्जदा ऐ जे उनें श्लोकें इच "शेख दे प्रचलत खोआन" तें हैन, पर उंदा रचनाकार मुमकिन ऐ, शेख इब्राहीम होऐ, जेह्‌ड़ा गुरु नानकदेव जी दा समकालीन हा।

'पंजाबी सूफी पोइटस' दी लेखिका, लाजवन्ती रामकृष्ण नैं मैकालिफ दी लिखी दी गल्ला दा समर्थन इस श्लोक कन्ने कीते दा ए —

"सेख हयाती[1] जगि न कोई थिरु[2] रहिआ।
जिसु आसणि हम बैठे, केते बैसि[3] गइआ॥" (आदिग्रन्थ, पृ० 488)

ओह्‌ अग्गें लिखदी ऐ जे इस श्लोक थमां पता लगदा ऐ, जे उसदा रचनाकार शेख फरीद नेईं; बल्कि उसदा कोई उत्तराधिकारी हा—भाएं 'फरीद सानी' होऐ। ए नतीजा किश अजब लगदा ऐ। ए श्लोक तां जीवन दी अस्थिरता ते शेख दे बड़कें दे मरी जाने दी गल्ल करदा ऐ। शेख फ़रीद दे दो अध्यात्मक पूर्वज हे—बख्त्यार काकी ते मुईन-उद-दीन चिश्ती। उसदी वंशावली फ़ारूख तोड़ी मिलदी ऐ। इस करी लाजवन्ती रामकृष्ण कन्ने सहमत नेईं होन होंदा, की जे इन्नी महत्व आली गल्लें दा हारा-न्यारा केवल उस इक्क श्लोक दी व्याख्या उप्पर नेईं करन होंदा जदूं के उसदा अर्थ-निरुपण बी गलत सेही होंदा ऐ।

इनें श्लोकें दे रचनाकार दे बारे इच मैकालिफ दी दलील बी उपराली बझोंदी ऐ। ए कोई दलील नेईं जे, "की जे शेख फरीद (1173-1265) गुरु नानकदेव (1469-1539) दे समकालीन नेईं हे, इस लेई ओह्‌ (नानकदेव) शेख इब्राहीम गी गै मिले, इस करी ए श्लोक, बेशक्क शेख इब्राहीम दे गै रचे दे न।" दूई गल्ल, मैकालिफ नैं ए गलाई दी ऐ जे, "शेख ब्राहम, महान सैन्तें दी चन्दी इच उच्चे दर्जे पर औंदा ऐ, इसगी फरीद सानी' जां फ़रीद सालिस, शेख ब्राहम कलां, बाल राजा, शेख ब्राहम साहिब ते शाह ब्राहम बी आखदे न।" ए गल्ल अनोखी बझोंदी ऐ जे ऐसे उच्च नां ते पदविएं आले व्यक्ति दा सूफीमत दे इतिहास इच जां मुसलमान कविएं दी पंजाबी कविता इच कुतै जिकर नेईं औंदा, जदूं के फरीद

1. जीवन 2. स्थिर 3. बौह्‌नां



गंज-ए-शकर गी इक सन्त ते कवि दे नातै मता बडेरेआ गेआ ऐ। मैकालिफ नै शेख ब्राह्‌म दी बड़याई सिद्ध करने लेई उसदे नां कन्ने केई चमत्कार जोड़े दे न। ए अफ़सोस आली गल्ल ऐ जे मैकालिफ नै शेख दी जीवन कथा इच करामातें पर गै मता जोर पाए दा ऐ। उसदे कण्ण इन्ने पतले न जे उसनै जे किश बी कुतेआ सुनेआ, उसगी अपनी पुस्तक 'दी सिक्ख रिलीजन' इच शामल करी लेआ। फिरी, कवि उपनाम (तखल्लस) जोड़ने दा विचार बी मैकालिफ दी अपनी कपोल-कल्पना गै ऐ। प्रो० निजामी नै असेंगी बाबा फरीद दे अध्यात्मक उत्तराधिकारिएं दे सत्त नां ते बाबा फरीद दी खानकाह्‌ दे पंजीह्‌ (25) सज्जदा-नशीनें दे नां दस्से दे न, पर उंदे बिचा कुसै नै बी 'फ़रीद' तखल्लस अपने नां कन्ने नेईं जोड़ेआ। ते सिक्ख गुरुएं दे विपरीत, सूफी सन्त अपने अध्यात्मक पूर्वज दे तखल्लस दी बरतून नेईं करदे।

मैकालिफ नै कुसै जंगल इच बाबा फरीद दी छित्तरी (36) साल दी लम्मी तपस्या दा जिकर कीता दा ऐ। उसनै एव्वी लिखे दा ऐ जे जदूं फरीद नैं बारहां साल दी दूई तपस्या शुरू कीती तां उसनै अपने ढिड्डै उप्पर काठै दी इक रूट्टी बन्न्ही लेई, तां जे कुसै जीव गी ओह्‌ दुखाई नेईं सकै। आखदे न जे चिल्ले दी पूरी अवधि तोड़ी ओह्‌ उस काल्पनिक आहार दे आधार उप्पर गै जीन्दा रेहा। ते इक दिन भुक्खा कशा मजबूर होइयै फरीद नैं लकड़ी दी बनी दी रूट्टी गी टक्क मारी लेआ। उस दे दन्दें दे निशानें आला लकड़ी दा ओह्‌ टुकड़ा अजें बी पाकपटन इच सम्हाले दा पेदा ऐ। उसदे (फ़रीद दे) श्लोकें दा अनुवाद करदे होई मैकालिफ उंदे प्रसंग उसदे जीवन कन्ने जोड़ना भुल्ली गेआ। इस श्लोक इच उस घटना दा पक्का सबूत मिलदा ऐ —

फरीदा रोटी मेरी काठ की लावणु[1] मेरी भुख।
जिना खाधी चोपड़ी घणे सहनिगे दुख॥ 28॥

मैकालिफ अग्गें लिखदा ऐ जे अपने चिल्ले दे त्रिए दौर इच फरीद इक खूह् इच पुट्ठा टंगोए दा रेहा। इस चिल्ला-ए-माकूस दा पैह्‌लें जिकर होई चुके दा ऐ। उस हालती इच "पैंछिएं फ़रीद दे बालें इच अपना आह्‌लड़ा बनाई लेआ ते इल्लें-काएं उसदा मास ठुंगी-ठुंगी खादा।" इस गल्लै दी तसदीक लेई मैकालिफ बाबा फरीद दे उस श्लोक दा हवाला दिंदा ऐ जिस दा भाव ए ऐ :

"फ़रीद तेरा तन पुट्ठा टंगोए दा ऐ। कां पैरें गी ठुंगा करदे न।" एह्‌ कड़े श्लोक गी बाबा फ़रीद दी रचना मनदे होई बी मैकालिफ इक अजीब लित्त जोड़दा ऐ। ओह्‌ आखदा ऐ जे शेख ब्राह्‌म नै उस श्लोक दे त्रै हिस्से करिऐ उनेंगी बाद इच जोड़े दा ऐ। आओ, उनें श्लोकें गी धरोइयै दिक्खचै ते फरीद दे जीवन ते उसदी

1. न्योड़ा

रचना कन्ने उंदा मेल करी दिखचै —

> फ़रीद तनु सुका पिंजरू थीआ[1]
> तलीयां खूंडहि[2] काग ।
> अजै सु रबु न बाहुड़िआ[3]
> देखु बंदे के भाग ॥ 90 ॥
> कागा करंग ढढोलिआ[4] सगला खाइआ मासु ।
> ए दुइ नैना मति छुहउ पिर देखन की आस ॥ 91 ॥
> कागा चूंडि[5] न पिंजरा बसै[6] त उडरि जाहि ।
> जितु पिंजरै मेरा सहु[7] वसै मासु न तिदू[8] खाहि ॥ 92 ॥

मैकालिफ नैं ए नेंईं दस्सेआ जे चिल्ला-ए-माकूस दे उदाहरण बारै उसनै जिस श्लोक दा अनुवाद पेश कीता ऐ, ओह् गुरु ग्रन्थ साहिब इच नेईं ऐ, ते उसदै थार उपरले त्रै श्लोक (90, 91, 92) शामल होए दे न । ए चारै श्लोक फ़रीद दे जीवन दी इक घटना कन्ने सरबन्ध रखदे न । घोर तपस्या दे दौरान फरीद पुट्ठा टंगोएदा ऐ । उसदा तन हड्डिएं दा पिंजरा-मात्र रेही गेआ ऐ । पैंछिएं उसदे बालें इच आह्लड़े बनाई ले दे न ते कां उसदा मास ठुंगी खा करदे न ।

पैंहले श्लोक इच फ़रीद गी पच्छो-तौं ए ऐ जे इन्नी तपस्या दे बावजूद 'अल्लाह् उस कच्छ नेंईं आया ।' ते ओह् चतेंदा ऐ जे भला इस कशा बी होर कठन तपस्या दी लोड़ बाकी ऐ ? ए श्लोक पैंहले दा संशोधन ऐ (जेह्ड़ा ग्रन्थ साहिब इच शामल नेंईं) । होई सकदा ऐ, ए संशोधन फ़रीद दे श्लोकें दे मुंह्-जुबानी चली औने करी होई गेआ होऐ । पर, श्लोक (91) ते (92) उस्सै प्रसंग कन्ने जुड़े दे हैन । इत्थें निराशा दै थार आशा दी झलक लब्भदी ऐ । फिरी, फरीद काएं अग्गें मिन्नतां करदा ऐ जे उसदी अक्खीं नेईं ठुंगेओ, की जे उसगी अजें बी प्रीतम दे दर्शनैं दी आशा ऐ । सूफ़ियाना शब्दें इच उसगी "अल्लाह् कन्ने वसल" दी पक्की आशा ऐ । इस करी हड्डिएं दा ढांचा-मात्र रेही जाने ते उसदा मास बोटी बोटी होई जाने पर बी, उसदी अन्दरली 'ज्वाला' अजें बी जीवित ऐ, ते ईश्वर कन्ने मलाटी दा नशा अजें बी ऐ । श्लोक (93) इच फरीद 'काग' अग्गें मिन्नत-माजरा करदा ऐ जे ओह् उसदे कालजे गी नेईं ठुंगै, की जे उस बिच उसदा रब्ब बसदा ऐ । कालजा रब्ब दा ठकाना ऐ, इस करी उसदी सम्हाल जरूरी ऐ । जदूं फरीद नै अपनी अक्खीं दे बचा लेई प्रार्थना कीती ही, तां उसगी ईश्वर दे

1. होई गेआ 2. खूंडना 3. बौह्ड़ना 4. टुप्पना (तलाश करना) 5. चुंज मारना 6. जे तेरै बस होऐ 7. स्वामी 8. ओह्दा ।



'सगुण' रूप इच दर्शन करने दी आस ही । उसदे हिरदे इच ईश्वर दे निर्गुण रूप दा गै वासा ऐ । चारै श्लोक इक्कै अनुभवै गी प्रकट करदे न ते उंदी भाशा शैली बी इक्कै जनेही ऐ । स्पश्ट ऐ जे उंदी रचना करने आला इक्कै व्यक्ति ऐ । कवि ते सन्त दो वक्खरे व्यक्ति नेंईं ।

ए हरानगी आली गल्ल ऐ, मैकालिफ ए मन्नदा ऐ जे लकड़ी दी रुट्टिएं ते 'चिल्ला-ए-माकूस' सरबंधी श्लोक फरीद गंज-ए-शक्कर दे लिखे दे न, जेह्ड़े उसदे जीवन दी घटनाएं पर आधारित न । ते अग्गें चलिऐ ए लिखदा ऐ जे श्लोक नं० 91, 92 ते 93 फ़रीद सानी नैं लिखे दे न । ओह् ए दस्सने दा कश्ट नेंईं करदा जे इस नतीजे पर ओह् पुज्जा किआं ? जीवन वृत्त ते भाशा शैली, ए दो दाखली गवाहियां, उनें श्लोकें दे रचनाकार दी निशानदेही लेई काफी न ।

इस विवाद इच इक होर नुक्ता बी विचारने जोग ऐ । शेख फरीद दी अरबी, फ़ारसी, हिन्दवी ते पंजाबी दी कविता इस गल्ला दा पक्का सबूत ऐ जे ओह् कवि हा । भारत इच सूफी रहस्यवाद बारै खोज करने आले विद्वान इस तत्थ दी पुश्टी करदे न । चिश्ती सिलसिले दे सूफी शुरु थमां गै फ़रीद दे श्लोक गांदे आए हे ते उसदी कविता दी परम्परा चलदी आवा करदी ही । उसदा इक पंजाबी दोहा— 'सियार-उल-औलिया' इच बी मिलदा ऐ । ए पुस्तक शेख इब्राहीम दे जन्म कशा 150 थमां मते साल पैंहले दी लखोई दी ऐ । ते ए गल्ल इस दा पक्का प्रमाण ऐ जे शेख दे जन्म कोला पैंहलें बी इस शैली दे श्लोक प्रचलित हे । एब्बी स्पश्ट ऐ जे उस बेल्लै फ़ारसी-भाशा दे आम चलन दै कारण, शेख फ़रीद दे पंजाबी श्लोकें गी ग्रांइएं दी शिक्षा दा साधन समझिऐ, उनेंई दरगुजर कीता गेआ, पर, गुरु ग्रैंथ साहिब इच संकलित होने करी उंदी प्रतिश्ठा बधी । इस थमां ईऐ सिद्ध होंदा ऐ जे फरीद इक कवि हा जिसनै होरनें भाषाएं दै इलावा पंजाबी भाशा इच बी कविता कीती । पर, इस गल्लै दी केह् तसदीक ऐ जे फरीद सॉनी बी कविता करदा हा ? चिश्ती सिलसिला इस बारै इच चुप ऐ । ते होर कोई प्रमाण नेंईं, जिसदे करी मैकालिफ दी ए धारणा मन्नी लैती जा जे फ़रीद सॉनी कवि हा । इत्थें ए गलाना बी जरूरी ऐ जे जिस सूफी कविता दा मुंढ बाबा फ़रीद नैं पाया हा, उसदी परम्परा फ़रीद कशा लगभग त्रै सौ साल बाद मुड़िऐ सजीव होई । वारिस शाह् आंगर केईं नामी कविएं बाबा फ़रीद गी श्रद्धांजलि भेंट कीती ते उसी पैंहला सूफी कवि मन्नेआ । कुसै नैं फ़रीद सॉनी दे नां जां उसदी रचनाएं दा जिकर नेंईं कीता । अज्ज बी ख्वाजा मुईन-उद-दीन हुंदी अजमेर दी दरगाह् ते निजाम-उद-दीन औलिया दी दिल्ली दी दरगाह् पर फ़रीद-शक्कर-गंज दे श्लोक गाए जंदे न । पर, फ़रीद सॉनी दा जिकर कुसै नेंईं सुनेआ ।

किश ऐसे आलोचक बी हैन, जिंदी धारणा ऐ जे अरबी ते फारसी दा चोटी दा विद्वान, बाबा फ़रीद श्लोकें दी समृद्ध ते कल्पना-शील भाशा इच प्रवीण नेहा होई सकदा की जे अदूं दरबारी विद्वानें दी भाशा फारसी ही। पर, ए गल्ल ध्यान इच रक्खने दी लोड़ ऐ जे बाबा फ़रीद दा दादा उस (फ़रीद) दे जन्म कशा 50 साल पैहलें भारत इच आया हा। शेख फ़रीद नैं खोतबाल ते मुलतान इच पढ़ाई कीती ही, ते 90 साल कशा मता चिर पंजाब इच गै रेहा। इस करी उसदा पंजाबी भाशा दा जानकार होना कोई अनहोनी गल्ल नेंईं। फी, सूफी होंदे होई ओह् पंजाबी जनता गी सम्बोधन करदा हा, राज दरबार ते मुलतानें कशा दूर रौंह्दा हा। इसकरी, सूफी मत दा प्रचार करने लेई उसगी पंजाबी दी मुलतानी बोली बरतनी पौंदी ही। ए स्वभावक गै ऐ जे उसनै अपनिआं मनो-भावनां बी उस्सै बोली इच व्यक्त कीतिआं। बालपन ते जवानी इच ते अपने वातावरण दी बिम्बावली इच बी ओह् इस बोली दी बरतून करदा हा।

इस गल्ला दी सम्भावना ऐ जे समें दै कन्ने-कन्ने, इक पीढ़ी थमां दूई तोड़ी, मुंहजबानी पुजदे पुजदे इनें श्लोकें दी भाशा इच फर्क आई गेआ होऐ। एब्बी होई सकदा ऐ जे समां बीतने पर किश पुराने श्लोक आई जुड़े होन। ते जदूं, ए श्लोक लिखत इच आए, उंदे इच हेर-फेर जां अदल-बदल होआ होऐ, ते भाशा दे मामले इच बी उंदे इच सुधार कीता गेआ होऐ। पर, उनें श्लोकें दी पेशकश दे ढंग, उंदी बानगी ते सारांश इच तबदीली नेंईं होई। उन्दी धड़कनें इच फ़र्क नेंईं पेआ। उंदी अध्यात्मिक सफ़र दी मंजल उऐ रेही। अरबी ते फ़ारसी राहें होइदी अभिव्यक्ति इच मुलतानी शब्दें दा रला मते सारे श्लोकें इच मजूद ऐ। ए साफ़-साफ़ लब्भदा ऐ जे श्लोकें दी स्वरलिपि पर लोक-संगीत दा काफी प्रभाव ऐ ते उंदे इच आईदिआं उपमां आई जीवन कशा लैंती गेदिआं न। मते सारे श्लोकें दा मुलतान ते मिन्टगुमरी दे जन-जीवन कन्ने बड़ा नेड़मा सरबंध ऐ। जदूं अस फरीद दे जीवन गी मती गहराई कन्नें दिक्खनेआं ते उंदा सरबन्ध उनें श्लोकें दे भावपक्ष कन्ने मेलनेआं, तां अस इस नतीजे पर लाजमी तौर पुज्जनेआं जे ओह् कड़े श्लोक बाबा फ़रीद गंज-ए-शकर नैं गै रचे हे।

अन्त इच, असइं उस विवाद बारै बी विचार करने दी लोड़ बझोंदी ऐ जेह्‌ड़ा इनें श्लोकें गी गुरुग्रंथ साहिब इच शामल करने बारै पैदा होआ हा। ए सिक्ख गुरुएं दी उदारता दा प्रमाण ऐ जे उनें अपने धर्म-ग्रंथ इच इक मुसलमान सूफी दा कलाम शामल करी लेआ। उनें गुरुएं इनें श्लोकें गी गुरबाणी दी उच्च पदवी दित्ती, जिस कारण ओह् उस श्रद्धा कन्ने पढ़े जंदे न जिस कन्ने गुरुएं दी अपनी बाणी पढ़ी जंदी ऐ। इनें श्लोकें दे गुरु ग्रंथ साहिब इच संकलन दा कारण



ए हा जे गुरु नानकदेव हुंदे कशा पैहलें होई गुजरे दे बारहें भगतें दी बाणी दे संकलन आंगर ए श्लोक उनें अर्थें पर जोर पान्दे हे, जिनें गी ग्रैह्‌ण करने दा उपदेश गुरु साहिबान सिक्खें गी दिंदे हे।

बाबा फ़रीद दे चार शब्द ते 114 श्लोक, गुरु ग्रंथ साहिब इच शामिल न। असल इच 'सलोक सेख फ़रीद के' इस सिरलेख हेठ 130 श्लोक न। पर, उंदे इच 18 श्लोक बक्ख-बक्ख गुरुएं दे न, जेह्‌ड़े बाबा फ़रीद दे श्लोकें दी समीक्षा करदे न। इस गल्लै दा ज़िकर करना बी मुनासिब ऐ, जे बाबा फ़रीद दे जिन्ने श्लोक पंजाबी भाशा इच मिलदे न, ओह् सारे दे सारे गुरु ग्रंथ साहिब इच शामिल नेंईं होए दे। गुरु अर्जन देव होरें कुसै बी संत कवि दी सारी बाणी ग्रंथ साहिब इच शामल नेंईं कीती दी। उन्दी चोन बड़ी सूझ-बूझ दी ही। प्रतीत होंदा ऐ जे श्लोकें दी प्रमाणिकता बारै पूरी तसल्ली करने परैन्त गै उनेंईं गुरु ग्रंथ साहिब इच शामल करदे हे। सिक्ख पंथ दे बानी गुरु नानक देव जी दे बी किश ऐसे छन्द हैंन, जेह्‌ड़े गुरु ग्रंथ साहिब बिच नेंईं मिलदे। उस समय दे गिने-चुने दे भक्तें दी बाणी गै लैंती गेदी ऐ। उस जमाने दे प्रसिद्ध सन्त कवि तुलसीदास ते मीरा बाई दी बाणी गी ग्रंथ इच शामल नेंईं कीता गेदा।

जदूं गुरु अर्जन देव होरें गुरु ग्रन्थ साहिब दी बीड़ बन्नहीं ही, तां ओह् जानदे हे जे पाकपटन इच गुरु नानक देव गी मिलने आला व्यक्ति शेख फरीद नेंईं, शेख इब्राहीम हा। गुरु अर्जन देव गी नानकदेव जी दी उनें पद-यात्राएं दा बी पता हा, जिंदा वर्णन जन्म साखिएं इच शामल ऐ ते जिंदा संकलन दूए गुरु, गुरु अंगद देव जी नै कीता हा। उनें दिनें गुरु अर्जन देव हुंदे साथें बाबा बुड्ढा बी हे, जिनेंगी गुरु नानक देव जी दे जीवन बारै सब किश पता हा। गुरु अर्जन देव होरें, ग्रन्थ साहिब दे संकलन वेल्लै भाई गुरदास, भाई सन्तराम, भाई हरिया ते भाई सुक्खा आदि किश विद्वान बी अपने साथें रक्खे दे हे, जिनें गी गुरुवाणी दा पूरा ज्ञान हा। ओह् इस इस बारै पूरे सतर्क हे जे संकलन इच कोई गलती नेंईं होई जा। ए गल्ल दिक्खने जोग ऐ जे ग्रंथ साहिब इच हर इक बीड़ दे लेखक जां रचियता दा नां स्पष्ट ढंगै कन्नें दर्ज ऐ। जेकर फ़रीद सॉनी कुसै केह्‌ड़े श्लोक दा रचनाकार होंदा तां, गुरु अर्जन देव जी नैं उसदा जिकर जरुर कीता दा होंदा। गुरु अर्जन देव होर आपूं सुलझे दे कवि ते विद्वान हे, ते भक्तें दी बाणी बारै कुसै शंका गी सहन नेहे करी सकदे। उनें गुरु ग्रन्थ साहिब दे संकलन दा कम्म पूरी सावधानी ते जिम्मेदारी कन्ने कीता। उनें, हर उपलब्ध साधन कशा कम्म लेइऐ, पाठ ते बाणी दे उस रचनाकार बारै दरुस्ती दा पूरा यकीन करी लेआ, जिस दी बाणी उनें ग्रन्थ साहिब इच शामिल कीती ही। जदूं गुरु अर्जन देव जनेहा विद्वान, फरीद

गंज-ए-शक्कर गी उनें श्लोकें दा रचनाकार होना मन्नी लै तां इस मामले इच फी कुसै शक्क दी गुंजाइश नेंई रौह्नी चाही दी ।

इस वाद-विवाद गी इनें शब्दें कन्ने खत्म करने आं जे इस विवाद गी इक शानदार ढंगै कन्ने 'दफ़न' करी दित्ता जा ।

# 4

## फ़रीद—शरीअत दा कवि

सूफी मत इसलामी रहस्यवाद ऐ । उस दा आधार इसलामी शरीअत ऐ । पैह्ल-पुज्ज औंदिआं न कुरान दिआं हिदायतां—नमाज, रोजा, हज ते धर्म-कर्म दी पाबंदी जिंदे'पर उन्नें अपनी आदि अवस्था'च बल दित्ता । सूफी मत, कुरान ते हदीस दे अध्ययन लेई बी तकीद करदा ऐ । फिरी, अपने विकास दे दौर इच सूफी मत ईरानी ते हिन्दुस्तानी चिन्तन कशा बी प्रभावत होआ, ते उसनै भारती आदर्शवाद दे किश तत्त्व बी अपनाई लेहे । उसदा पैह्ला आदर्श सिद्धांत हा, 'अल्लाह कन्नें वसल' । जिआं पैह्लें दस्सेआ गेआ ऐ, पैह्लकने सूफी बड़े तपस्वी हे ते धन-दौलत ते संसारी सुखें दा उनें त्याग कीता । सूफीमत नै मध्ययुगै दे सामन्तवाद ते ऐश-इशरत दा बी बरोध कीता । सूफी लोक समझदे हे जे सामन्तवादी ऐशो-आराम कुरान दे भ्रातृभाव ते सादगी दे असूलें दे सरासर खिलाफ़ हा । इस करी सूफी लोक शहनशाहें ते सुलतानें पासेआ पिट्ठ परतिऐ, संसारी मोह्-माया त्यागिऐ, आत्मा दी उन्नति पासै लग्गे दे रौंह्दे हे । उनें लोकें गी पक्का निश्चा हा जे प्रेम मार्ग राहें गै ईश्वर कन्ने मेल होंदा ऐ । इस प्रेम मार्ग गी ओह् 'तरीकत' गलान्दे न ।

सूफी मत दा सार-तत्त्व हा अल्लाह् कन्ने 'मार्फ़त' (ईश्वरी-चेतना) जिसदा अनुभव 'वजद' (भाव-समाधि) दी हालत इच गै होंदा हा । उंदा एब्बी अकीदा हा जे रहस्यवादी गै अल्लाह् कन्ने इक-मिक (तादात्मय) होई सकदा ऐ । इस्सै गी ओह् 'वहदत-उल-वजूद' दा सिद्धांत आखदे हे । ओह् लोक भाव-समाधि दी अवस्था ते मस्ती दी हालत जगाने लेई गाने बजाने दा सहारा लैंदे हे । सूफी मत दे प्रचार लेई ईरान इच केई सिलसिले कायम होई गे । उंदे बिचा केई सिलसिले ऐतिहासिक कारणें करी भारत इच आई निकले ।

इस्सै पृश्ठभूमि इच असें शेख फरीद दी कविता दा अध्ययन करना ऐ । दस्सेआ जाई चुके दा ऐ जे शेख फरीद पंजाबी बोली दा पैह्ला कवि ऐ । अरबी ते फारसी दी विद्वत्ता दे पछोकड़, संवेदनशीलता ते उच्ची उड़ान नै इस अविकसित बोली गी इस काबल बनाई दित्ता जे ओह् आदमी दी गूढ़तम तांह्गें गी व्यक्त करी सकै । ओह् पैह्ला पंजाबी कवि हा, जेह्ड़ा मूड इच औने पर पंजाबी

इच छन्द रचना करदा हा, ते जिसी इन्सान ते अल्लाह् दे इश्क कन्ने भरोचे दे हिरदे दी पुकार आक्खी सकनेआं।

चिश्ती सिलसिले दा चोटी दा कवि होने करी फ़रीद नैं सूफीवाद दे धर्म-कर्म गी पूरी चाली नभाया ते होरनें गी उसदी दिशा दित्ती। कवि दी हैसियत इच उसनैं ऐसी भाषा ते मुहावरा विकसित करना पेआ जेह्‌दे राहें सूफीवाद दे सूखम सिद्धांतें गी व्यक्त करने दे जोग बनी सकेआ। ते कन्ने गै, उस भाशा गी जन-साधारण दी बरतून कशा बी दूर नेंईं होन दित्ता कीजे सूफी फकीर उच्च तबके दी बजाए जन-साधारण कन्ने मेल-जोल चांह्‌दे हे। इस करी फरीद अपने बचपने कशा गै मुलतानी-पंजाबी पासै झुकेआ ते अपनी कविता ते उपदेश इच ग्राईं जीवन दे प्रतीकें दी बरतून कीती तांजे लोकें गी संसारी रुझानें कशा उप्पर चुकिऐ इस काबल बनाया जा जे ओह् अल्लाह् दी जात पनछानी सकन।

मनुक्खी जीवन दुक्ख, दर्द ते निराशा कन्ने भरोचा दा ऐ। बचपन, जवानी, बुढ़ापा ते मौत इसदे बक्ख बक्ख आश्रम न। आदमी मानसिक तनो-तनी, शरीर दे रोगें ते दुक्ख-दर्द कशा मुक्त होना चांह्‌दा ऐ। ओह् बुढ़ापे, दुर्बलता ते दिनों-दिन बधदी निराशा कन्नें घृणा करदा ऐ। मौत बड़ी रहस्य-भरी ते भयानक घटना ऐ। मनुक्ख एह्‌बी जानदा ऐ जे जीवन दा अन्त आवश्यमभावी ऐ। इस कशा बचाऽ नेंईं होई सकदा। पर, मौत दा रूप, ते उसदै बाद केह् होंदा ऐ ? ए ऐसे प्रश्न न जेह्‌ड़े हमेशा धर्मा उसदे सामनैं सोआलिआ निशान बनी खड़ोते दे न। उस भय, दुक्ख ते क्लेश कशा बचने लेईं आदमी सन्तें-फकीरें दी शरण इच जंदा ऐ। आराधना ते प्रार्थना करदा ऐ। इस प्रार्थना कन्ने उसगी किश तसल्ली ते मिलदी ऐ, पर, किश चिरै बाद ओह् निरी नित्त-नेम बनी जंदी ऐ ते आंतरिक शान्ति देने इच असमर्थ होई जंदी ऐ। इस मुकाम उप्पर पुज्जिऐ संवेदनशील व्यक्ति रहस्यवाद दा लड़ पकड़दे न। बाह्‌रली दुनिया पासेआ मुख मोड़िऐ अन्तर-मुखी होई जन्दे न। 'परम सत्य' तोड़ी जाने आली लम्मी ते औखी बत्त पकड़दे न।

इन्सानी हस्ती दी इनें हद्द-बंदिएं गी चंगी चाली जानदे होई, फरीद नैं अपने श्लोकें इच जीवन दी थोड़-बक्ती (नश्वरता), मौती दा दुक्ख, भय ते पीड़ ते जीवन दी तुच्छता दा निरंतर अपनी कविता ते श्लोकें इच बखान कीता। मौत गी सदा याद रक्खना, बेशक मनुक्खी जीवन दी निरर्थकता दे दुक्खदाई भाव उभारदा ऐ, पर, इसदी काट ईश्वर प्रेम कन्ने होंदी ऐ, ते इस कशा आस बज्झदी ऐ जे मनुक्खै दा किश परम-उद्देश जां चरम-नियति बी जरूर ऐ। इक पासै फरीद त्याग ते तपस्या दी गल्ल करदा ऐ ते दूए पासै ईश्वर दी सृष्टि (खलकत) कन्ने जुड़े (सम्पृक्त) रौह्‌ने पर बी जोर पान्दा ऐ। इक तपस्वी दे रूप इच ओह् जीवन



दी सादगी ते संयम दे राग अलापदा ऐ। ओह् सचाई, सहनशीलता ते गुनाहें कशा तोबा करने पर जोर दिंदा ऐ। पर, उसदी दिली तमन्ना उसगी ईश्वरी प्यार पासै खिचदी ऐ ते ओह् इस बत्ता पर ईश्वर कन्ने मिलाप दे गीत गान्दा चलदा ऐ, ते दसदा ऐ जे प्रेम-मार्ग गै इक ऐसा रस्ता ऐ जेह्‌दे पर चलिऐ ईश्वर कन्नें मिलाप (वसल) होंदा ऐ। जिआं अग्गें चलिऐ स्पष्ट होग, फरीद मनसूर आली पूर्ण एकता आली 'अन-अल-हक्क' दी पड़ाईं तोड़ी नेईं पुजदा, जित्थै बहिश्त (स्वर्ग) दी कामना ते दोजख (नरक) दा भय समाप्त होई जंदे न, जित्थें नमाज, रोजे आदि दा नित्त-नियम बे-अर्थ होई जन्दा ऐ, ते जित्थें ईश्वर प्रेम 'वजद' (विस्मोह् दी मस्ती) दी हालत तोड़ी जाई पुजदा ऐ जेह्‌ड़ा बुल्लेशाह् दी काफ़िएं इच पाया जंदा ऐ। फी बी, 'इलाही माशूक' लेई फ़रीद दा मन सदा तड़फदा ऐ। ते, उस तड़प गी फ़रीद नैं दिलें दे तार हिलाई देने आले बेजोड़ श्लोकें इच व्यक्त कीता दा ऐ। 'इलाही माशूक' कन्ने मिलने दी ताह्‌ग ते उसदे बछोड़े दा दुक्ख, फ़रीद नैं अपनी कविता इच 'इश्क-मजाज़ी' दे प्रतीकें राहें गाए दा ऐ ते ओह्‌दे इच सदाबहार ताज़गी भरोची दी ऐ।

पंजाबी भाशा दी सूफी कविता त्रै दौरें बिचा गुजरी दी ऐ। पैह्‌ला दौर—शेख फ़रीद आला ऐ, जिस इच शरीअत गी पवित्र, अति महत्त्वपूर्ण ते चोटी दे अध्यात्म जां परम-अनुभूति दा आधार मन्नेआ गेदा ऐ। फरीद इसलामी जीवन पद्धति–अल्लाह् दी वहदत ते लोकें इच भ्रातृभाव दे गीत गांदा ऐ। ओह् इसलामी संस्कृति दा उन्ना गै समर्थन करदा ऐ जिन्ना सूफी मत दा।

दूआ दौर--शाह हुसैन आला ऐ जेह्‌ड़ा शरीअत गी सहन ते करदा ऐ, पर, उसगी थोड़ा-मता नकारादा बी हा। ओह् भारती चिन्तन ते परम्परा कन्ने इक-सुर हा। ओह् कर्म ते जन्म-मरन दे चक्कर दी गल्ल बी लान्दा हा। ओह नाच, राग ते मदिरा दे नशे इच वजद दी हालत इच पुज्जिऐ, 'रब्बी माशूक' कन्ने इक्क-मिक होई जंदा ऐ। ते, त्रीया दौर—बुल्ले शाह् दा ऐ। बुल्ले शाह् अपने काव्य चिन्तन इच सूफीवाद दी टीसी पर पुज्जदा ऐ। ओह् शरीअत गी मान्यता नेईं दिंदा, बहिश्त जां दोजख दी कोई परवाह् नेईं करदा, ते इसलाम गी बी नकारदा प्रतीत होंदा ऐ। ओह् 'हक्क' (अंतस्थ दिव्य दर्शन) दी प्राप्ती 'इश्क दी मस्ती' राहें करदा ऐ। ओह्, वेदान्त दी सनातनी विचार धारा गी भलेआं अंगीकार करदा ते ईश्वर दी सारी सृश्टि इच ते अपने आले-दुआले दे सारे वातावरण इच ईश्वर दे दर्शन करदा ए। ओह्, राम, कृष्ण ते मुहम्मद दे गीत गान्दा हा, ते धर्म-मजहब दा किसै चाली दा भेद भाव नेहा रखदा। काव्य इच ते अध्यात्मवाद इच उसदी पहुंच बाकी सूफी कविएं कशा उच्चतम ऐ।

बाबा फ़रीद दी कविता दा विस्तार कन्ने अध्ययन करने थमां पैंहलें, शरीअत बारै किश गलाना मुनासिब बझोंदा ऐ। जिश्रां'के पैंहलें दस्सेश्रा गेश्रा ऐ, शरीग्रत इक नियमावली ऐ। ओ धार्मिक, समाजी, राजसी ते नैतिक जीवन दे सारे पैंहलुएं पर लागू होंदी ऐ। इसदा धार्मिक पैंहलू मुसलमानें गी हिदायत करदा ऐ जे ओह् अल्लाह्, फरिश्तें, कुरान, पैगम्बर, क्यामत दे दिन ते रोजे-जजा इनें सारें पर विश्वास रक्खन। उनें 'कलमा' उप्पर पूर्ण आस्था रक्खनी चाही दी, ते पंज नमाजां, रोजे, हज्ज ते ज़कात (अपनी आमदनी दे दसमें हिस्से दा दान-पुन्न) दी पक्के तौर पाबंदी करना चाही दी ऐ। इक मुसलमान दी समाजी जिन्दगी दा आधार नैतिक आचरण जिश्रां—हलीमी, सबर, उदारता, इन्साफ, ते जीवन दी पवित्रता होना चाही दा ऐ। उसनें 'एक-ईश्वरवाद' ते मनुक्ख-मात्र दे भ्रातृभाव गी बी मन्नना चाही दा ऐ।

शेख फ़रीद गी शरीअत उप्पर पूरी निश्ठा ही ते अपने जीवन गी उस दै अनुसार ढालना चांहदा हा, ते अपने मुरीदें ते श्रद्धालुएं गी बी इस दी हिदायत करदा हा। उसदी पक्की धारणा ही जे अध्यात्मक जीन जीने लेई शरीअत दी पाबंदी लाजमी ऐ। अपने बाद दे सूफिएं दै प्रतिकूल, बाबा फरीद शरीअत ते अध्यात्मवाद दे अन्तम उद्देश्य इच कोई अंतर-वरोध नेहा समझदा। मनसूर-उल-हल्लाज दी शहादत दै बाद शरीअत उप्पर जोर देने आले रूढ़ीवादिएं ते धर्म-परायण सूफी दी गहरी लोड़ें (अध्यात्मक) गी पूरा करने आली अनुभूति इच विश्वास रखने आलें बदकार उस बेले दे भेद-भाव सामनै आई गे हे। इस दै बावजूद फ़रीद दी धारणा ए ही जे 'शरीअत' ते 'अध्यात्मक अनुभव' हकीकत दे दो सिरे न; इक्क प्रारम्भक नुक्ता ऐ ते दूआ, अन्तम उद्देश्य। जे 'तरीकत' इश्क दी राह् ऐ, तां 'शरीअत' जीवन भोगने दी पद्धति ऐ। दूए शब्दें इच, फ़रीद 'अन्तर-व्यापी अनुभव,' 'अनुभवातीत' ते 'सर्वेश्वरवाद' बशकार सेही होंदे द्वन्द गी सुलझांदा प्रतीत होंदा ऐ। उसनै इन्सान ते कुदरत दै अंदर ईश्वर दे दर्शन पाए, ते अपने अनुभव दे सीमित क्षेत्र इच उसनै दिक्खेश्रा जे शरीअत दा पालन ते ईश्वर-प्रेम इक दूए दे पूरक न।

उसनै चिश्ती सिलसिले दे बानी ख्वाजा मुईन-उद-दीन दा पूरी चाली अनुमोदन कीता जे "पवित्र आचरण, ते शरीअत दे अनुसरण इच पूरा उतरिश्रै आदमी 'तरीकत' दी पड़ाईं पर पुज्जी जंदा ऐ ते फी 'मारफत' ते 'हकीकत' पास्सै अग्गें बधदा ऐ"।

अस, फ़रीद दे अध्ययन गी, गुरु ग्रंथ साहिब इच संकलित उसदे चार शब्दें (प्रतीत) ते 112 सलोकें (श्लोकें) तक गै सीमित रखगे। ए श्लोक, जिश्रां'के



पैंहलें दस्सी आए आं, मुलतानी-पंजाबी इच लिखे दे न। इंदा अंग्रेजी इच अनुवाद करने दे जतन होए, पर कविता दी अर्थ-भाव दी सूखम बरीकिएं गी कुसै दूई भाशा इच पूरी चाली व्यक्त नेंई कीता जाई सकदा। हर भाशा दी अपनी मिठास ते बानगी होंदी ऐ ते ओह् अपने समाजी ते सांस्कृतक पछोकड़ कन्ने बज्झी दी होंदी ऐ। उस दे बिम्ब ते प्रतीक उसदी लोक-वार्ता ते इतिहास बिच्चा लेदे होंदे न जिंदी उस उप्पर अपनी खास रंगत चढ़ी दी होंदी ऐ। ए अनुवाद केवल अर्थ-संचार दा गै कम्म नेंई, उस महान रहस्यवादी कवि दे हिरदे दी धड़कनें ते भाव-छुआलें दा बी माजरा ऐ, ते कन्ने गै उस अन्तरंग अर्थ-भावना दा प्रकटीकरण ऐ जिसगी ओह् संगीत ते शब्दें दे जादू राहें व्यक्त करदा ऐ। इस करी, ए कुदरती गल्ल ऐ जे इनें श्लोकें दा पंजाबी बोलने आले उप्पर जिन्ना डूंह्गा प्रभाव पौग, उन्ना उनें लोकें पर नेंई पेई सकदा, जिनें अंग्रेजी अनुवाद राहें उनें गी पढ़ना ऐ। फी बी, अस इनें छंदें इच गतिशील बौद्धिक ते अध्यात्मक धाराएं दा किश हाव-भाव सामनै रखने दा जतन करगे।

जिश्रां पैंहले दस्सेश्रा गेश्रा ऐ जे फ़रीद भाएं अध्यात्मक खोज करने आला इक सूफी हा, पर, फी बी ओह् इसलाम दी पैदावार हा, जिस इच अल्लाह् दी कल्पना कीती गेदी ऐ जेह्ड़ा सर्व स्रेश्ट, सर्वशक्तिमान, सृष्टि दी रचना, संरक्षण ते बिनाश करने आला, अपार ते अनंत ऐ। परम दयालु ते न्यायकारी बी ऐ, जेह्ड़ा 'जजा दै दिन' चंगे कम्म करने आलें गी बहिश्त दे सुख ते आनन्द दा इनाम दिंदा ऐ, ते गुनाहगारें गी दोजख दी सजा। शेख फ़रीद नै अल्लाह् ते इन्सान दा सरबंध राग आसा इच दस्से दा ऐ—

"दिलहु मुहबति जिन्ह, सेई सचिआ।
जिन्ह मनि होरु[1] मुखि होरु, सि कांढे कचिआ[2] ॥ 1 ॥
रते[3] इसक खुदाइ, रंगि दीदार के।
विसरिआ[4] जिन्ह नामु, ते भुइ भारु[5] थीए[6] ॥ 1 ॥ रहाउ
आपि लीए लड़ि लाइ, दरि दरवेस से।
तिन धनु जणेदी[7] माउ, आए सफलु से ॥ 2 ॥
परवदगार[8] अपार अगम बेअंत[9] तू।
जिन्हा पछाता सचु, चुंमा पैर मूं[10] ॥ 3 ॥
तेरी पनह[11] खुदाइ, तू बखसंदगी[12]।
सेख फ़रीदै खैरु दीजै बंदगी ॥ 4 ॥
(आदि ग्रन्थ, पृ० 488)

1. होर 2. कच्चे 3. रुझे 4. बिस्सरी गेआ 5. भारे 6 होइ गे दे 7. जम्मने आली मां 8. परवरदगार 9. बे-अन्त 10. मैं 11. शरण देना 12. बखशना

शेख फ़रीद दसदा ऐ जे ईश्वर इक्क ऐ जेह्ड़ा सर्वव्यापक ते इन्सानी समझै थमां परे ऐ। ओह् अपनी खलकत दा पालनहार ते रक्षक ऐ। पर, अनन्त ऐ ते पहुंच कशा परे ऐ। फरीद उनें लोकें दे पैर चुम्मना चांह्दा ऐ, जिनें गी ईश्वर दी लो प्राप्त होई चुकी दी ऐ। ईश्वर दे सच्चे प्रेमी उऐ न, जेह्ड़े उस (ईश्वर) गी अन्तर-मन थमां प्रेम करदे न। जिन्दी कथनी ते करनी इच फर्क ऐ, ओह् ते कचेरे न। फ़रीद बार-बार आखदा ऐ जे ईश्वर दे दर्शन उनेंई गै प्राप्त होंदे न, जेह्ड़े उसदे इश्क इच मस्त रौंह्दे न। बाकी दे लोक ते धरती दा भार न। सच्चा दरवेश ते ओह् ऐ जेह्ड़ा ईश्वर दी दया कन्ने प्रेम-मार्ग उप्पर चलदा ऐ, ते केवल मात्र उस्सै नै जीवन दे सच्चे मकसद गी पूरा कीता ऐ। अपने प्रगीत दे अन्त इच फ़रीद नेअ्मतें (वरदान) दे दाता दे तौर उप्पर ईश्वर अग्गें प्रार्थना करदा ऐ जे ईश्वर उसगी अपनी भक्ति दी नेअ्मत बख्शै।

सर्वेश्वरवादी होंदे होई भाएं फ़रीद ईश्वर गी सर्वव्यापक मन्नदा ऐ, फी बी ओह् जंगलें-मरुस्थलें इच भटकने इच विश्वास नेंई करदा, की जे ईश्वर तां आदमी दे मनै इच गै बसदा ऐ —

फ़रीदा जंगलु जंगलु किआ भवहि[1], वणि कंडा मोड़ेहि[2]।
वसी रबु हिआलीऐ,[3] जंगलु किआ ढूंढेहि ॥ 19 ॥

इस श्लोक दी दीं चाली दी महानता ऐ। फ़रीद उनें योगिएं दे त्याग दी नखेदी करदा ऐ, जेह्ड़े घर-बाहर दा त्याग करिऐ एकान्त इच ईश्वर दी तलाश करदे न। फ़रीद दे हसाबें त्याग होना चाही दा ऐ मोह-माया ते पाप-कर्में दा। आदमी लेई लाजमी ऐ जे ओह् खलकत बिच रेहिऐ, मालिक (ईश्वर) कन्ने मिलाप दा जतन करै। जेकर ईश्वर दा मनुक्खै दे हिरदे बिच बास ऐ तां उन्नै अपने हिरदे अन्दर गै ईश्वर दी तलाश करनी चाही दी ऐ।

फ़रीद दे श्लोकें इच इक श्लोक गुरु अर्जन देव जी दा ऐ, जेह्ड़ा फ़रीद गी गै सम्बोधन करिऐ लिखे दा ऐ, जिस इच बड़े सुन्दर शब्दें इच ईश्वर दा उसदी सृष्टि इच गै बास दस्से दा ऐ —

फ़रीदा खालकु खलक महि खलक वसै रब माहि।
मंदा किस नो आखीऐ जां तिसु बिनु कोई नाहि ॥ 75 ॥

फ़रीद अपने मनै-चित्तै थमां ईश्वरी प्रेम इच रंगोए दा ऐ। जेकर इस बारै कदें उसदै अन्दर कोई संसा पैदा होंदी ऐ तां ओह् मती लगन कन्ने ईश्वर दी आराधना इच लग्गी पौंदा ऐ ते अपने आप गी रुक्खें-बूटें आला सबर-सन्तोश धारण करने दी सिक्ख दिंदा ऐ —

1. फिरना 2. कंडे पैरें हिट्ठ 3. हिरदे इच



फ़रीदा साहिब दी करि चाकरी दिल दी लाहि भरांदि[1]।
दरवेसां नो लोड़ीऐ रुखां दी जीरांदि[2] ॥ 60 ॥

जेकर कदें जीवन दी सारी मिठास जैह्‌र इच बदली जा तां बी फ़रीद अपने ईश्वर पास्सेआ मूंह मोड़िऐ कुसै होर दा ध्यान नेई करग।

देखु फ़रीदा जि थीआ[3] सकर होई विसु।
सांई बाझहु आपने वेदण[4] कहिऐ किसु ॥ 10 ॥

सूखम उक्ति आले इक श्लोक इच फ़रीद ईश्वर दी मधुरता गी मखीर ते खजूर दी मिठास कन्ने उपमा दिन्दा ऐ ते गलांदा ऐ जे हर ध्याड़े दे बीतने पर जीवन दी खुशी घटदी जंदी ऐ—

फरीदा रब खजूरी पकीआ माखिअ[5] नई वहंनि[6]।
जो जो वंञै[7] डीहड़ा[8] सो उमर हथ पवंनि[9] ॥89॥"

इस श्लोक दा भाव ए बी होई सकदा ऐ जे मनुक्खी जीवन थोड़-ध्याड़ा ऐ। जिन्ने ध्याड़ें दा जीवन उसगी मिले दा ऐ, उ'नेंगी ईश्वर दे ध्यान इच लीन होइऐ, उसदी मधुरता दा आनन्द लैना चाही दा ऐ। दूए शब्दें इच, अस्थाई संसारी सुखें गी ओह् धोखा—मात्र जानदा ऐ।

फ़रीद इन्सान दी शान्ति दी खोज, ते दुनिया उप्पर विजय पाने दी उसदी कामना गी बी जानदा ऐ। इस करी ओह् उपदेश दिंदा ऐ जे शान्ति प्राप्त करने लेई आदमी गी अपना मन साफ रक्खना चाही दा ऐ, की जे निर्मल मन कन्ने गै ईश्वर कन्ने मिलाप होई सकदा ऐ। जदूं एह् कड़ा मिलाप होई जन्दा ऐ तां सारा जगत उसदा अपना होई जंदा ऐ —

आपु सवारहि[10] मै मिलहि मैं मिलिआ सुख होइ।
फरीदा जे तू मेरा होइ रहहि सभु जगु तेरा होई ॥ 95 ॥

फ़रीद ईश्वर गी इक स्वामी दे रूप इच चित्रदा ऐ, जिसदा हुकम जानदार ते बे-जान सबनें पदार्थें उप्पर चलदा ऐ। कोई उस दे हुकम कशा नाबरी नेई सकदा। इसदा संकेत ओह् इक नदी गी सम्बोधन करिऐ दिंदा ऐ—

कंधि[11] वहण[12] न ढाहि तउ भी लेखा देवणा।
जिधरि रब रजाइ[13] वहणु तिदाउ गंउ करे ॥ 84 ॥

अन्त अस, इच फ़रीद दी ईश्वर दी मधुरता दे बारे फ़रीद दे अनुभव दी गल्ल करने आं। उसनै ओह् मिठास चक्खी दी ऐ, ते उसदा अनुभव कीता दा ऐ।

1. भरम 2. सहने दी शक्ति 3. होइ गेआ 4. दुख दर्द 5. मखीर 6. नदी 7. गुजरना 8. ध्याड़ा 9. आयु दा घटना 10. सुआरना 11. कनारा 12. नदी 13. इच्छेआ

ए श्लोक उसदे अन्दरा चश्में दी सीर आला लेखा फुटदे न। ए उसदे भावें दी समृद्धि दे सूचक न—

फरीदा सकर खंड निवात[1] गुडु माखिउ[2] मांझा दुधु।
सभे वस्तु मिठीआं रब न पूजनि तुधु ॥ 27 ॥

फ़रीद नें आपूं बी एह्‌की मिठास दा मजा चक्खे दा हा, इस करी फ़रीद गी गंज-ए-शकर दी उपाधी दित्ती गेदी ही। उप्पर दित्ते दे सारे श्लोकें इच ईश्वर सरबंधी इक डूंह्‌गी चेतना ऐ। ईश्वर दा शक्तिशाली हत्थ इस संसारै दा संचालन करदा लब्भदा ऐ। इस दी सत्ता जीव-निर्जीव सारी सृष्टि लब्भदी ऐ। दरवेशें गी फरीद इश्क दे रस्ते पर चलने दा आदेश दिंदा ऐ ते जन-साधारण गी सलाह दिंदा ऐ, जे अपनें आप गी इस चाली सुधारन जे उन्दे मनै गी शान्ति प्राप्त होऐ, ते महसूस करन जे ओह्‌ अल्लाह् दे बंदे न। इक श्लोक इच फरीद लिखदा ऐ—

फरीदा बारि[3] पराइऐ बैसण[1] सांई मुझै न देहि।
जे तू एवै रखसी जीउ सरीरहु लेहि ॥ 42 ॥

जदूं अस ईश्वर दी एकाग्रचित्त भक्ति कशा, प्रार्थना दे बिषे पासै औने आं, तां दिक्खने आं जे शेख फरीद मुसलमानें गी शरीअत दै अनुसार पंज बेले नमाज पढ़ने दी तकीद करदा ऐ। इक कठोर अध्यापक आंगर हिदायत करदा ऐ ते उनेंईं कुत्ते दी उपमा देने कशा बी पिच्छे नेईं होंदा, जेह्‌ड़े वुजु (हत्थ, पैर ते मुंह् धोना) नेईं करदे ते निश्चित समें पर नमाज नेईं पढ़दे। ओह्‌ इस हद् तोड़ी बी चली जंदा ऐ जे, जेह्‌कड़ा सिर खुदा अग्गें नेईं झुकदा, उसगी बालनें थार चुल्ही इच लाई देना लोड़दा दा ऐ। होर कुतै बी फरीद इन्ना कट्टरपंथी नेईं सेही होंदा जिन्नां इनें श्लोकें बिच ए—

फ़रीद बे-निवाजा कुतिआ एह न भली रीति।
कबहि चलि न आइआ पंजे वखत[5] मसीति ॥ 70 ॥
उठु फ़रीदा उजू[6] साजि सुबह निवाज गुजारि[7]।
जो सिर सांई न निवै सो सिरु कपि[8] उतारि ॥ 71 ॥
जो सिर सांई न निवै सो सिरु कीजै कांइ।
कुंने[9] हेठि जलाईऐ बालण संदै थाइ ॥ 72 ॥

इसलाम फरिशतें दी हस्ती गी मनदा ऐ जेह्‌ड़े खुदा दे आदेश उप्पर अपने अपने कर्तव्य नभांदे न, उंदे इलावा शैतान बी ऐ, जेह्‌ड़ा आदमी कशा पाप

1. मिशरी 2. मखीर 3. दरवाजा 4. बौह्‌ना 5. वेलैं 6. वुजुकरना (नमाज पढ़ने थमां पहलें हत्थ पैर धोना) 7. गुजारना (नमाज पढ़ना) 8. कप्पना 9. कुन्नि



कांरदा ते कुरस्तै पांदा ऐ। दूए श्लोक इच शैतान पासै परतक्ख इशारा ऐ —

फ़रीदा कूकेदिआ चांगेदिआ मती देदिआ नित।
जो सैतानि वंञाइआ से कित फेरहि चित ॥ 15 ॥

पर, इनें सारे चंगे माड़े फरिश्तें इच फ़रीद मौत दे फ़रिश्ते (इजराईल) दा अकसर जिकर करदा ऐ। मौत दे बारे इच फ़रीद नैं मते विस्तार कन्ने जिकर कीता दा ऐ। कयामत दे रोज दी इन्तजारी इच मुर्दती थमां कबरी इच पेदी रुहें बारै बी उस नै सरसरी तजकरा कीता दा ऐ जेह्‌ड़िआं 'मैहशर दे रोज' उठङन ते अपने कर्में अनुसार बहिश्त जां दोजख इच भेजिआं जाङन। शेख फ़रीद दे श्लोकें दा इक होर मुक्ख विषय ऐ—"मौत"। आदमी नै इकन्नां-इक दिन मरना ऐ—ए अटल नियम ऐ। मौत अटल ऐ। उसनै मिथे दे दिन जरुर औना ऐ, ते ओह्‌ बाज आंगर झपट्टा मारिऐ जीवन लेई जन्दी ऐ। इत्थें फरीद 'आत्मा' लेई बगले दी उपमा दिंदा ऐ ते मृत्यु लेई बाज दी जेह्‌ड़ा नदी दै कंढै आनंद मना करदे बगले पर अचानक झपट मारिऐ, उसी लेई जंदा ऐ—

फ़रीद दरीआवै कंन्है बगुला बैठा केल करे
केल करेंदे हंझनो[2] अचिंते[3] बाज पए
बाज पए तिसु रब दे केलां विसरीआं
जो मनि चिति न चेते सनि सो गाली[4] रब कीआं ॥ 99 ॥

चलायमान जीवन ते अचानक मौत, फ़रीद गी हर पल याद रौंह्‌दी ऐ। इक होर श्लोक इच ओह्‌ जीवन दी उपमा नदी दै कंढै इक रुक्खै कन्नें ते कच्चे भांडे इच भरोचे दे पानिआ कन्नें दिंदे होई आक्खदा ऐ—

कंधी[5] उतै रुखड़ा[6] किचरकु बंनै धीरु।
फ़रीद कचै भांडै रखीऐ किचरु ताई नीरु ॥ 96 ॥

इक होर मर्मस्पर्शी श्लोक इच लाड़े दे रूप इच मौत दे फरिश्ते गी पेश करदा ऐ, जेह्‌ड़ा अपनी लाड़ी (आत्मा) गी लैन औंदा ऐ। उदे बारें'च उसनै बड़ा सुने दा होंदा ऐ, उसी दिक्खे दा नेंईं होंदा। अग्गें दी जिंदगी दे सफरा इच आत्मा गी नरक दे उस पुल उप्परा गुजरना पौंदा ऐ, जेह्‌ड़ा बालै कशा मता बरीक ते तलुआरै दी धार कशा मता तेज ऐ। कुरान अनुसार इस्सै पुल उप्परा नटोइऐ आदमी दोजख इच जाई पौंदा ए ते नारकीय अग्गी इच जलदा ऐ, जां उस पुलै गी पार करिऐ अनन्त शक्ति प्राप्त करदा ते स्वर्ग दा सुख भोगदा ऐ।

1. खेडां करनिआं 2. हंस 3. चान चक्क 4. गल्ल 5. कनारा 6. रुक्ख 7. किन्ना चिर

गुरु ग्रन्थ साहिब इच शेख फरीद दा ए पैहला श्लोक ऐ, जिस इच मौती प्रैन्त रुह् दी यात्रा दा बड़ी चतुराई कन्नें बखान कीते दा ऐ—

"जितु दिहाड़ै धनवरी साहे लए लिखाइ ।
मलकु जि कंनी सुणीदा मुहु देखाले आइ ॥
जिंदु निमाणी कढीऐ हडा कू कड़काइ ।
साहे लिखे न चलनी जिंदू कूं समझाई ॥
जिंदु वहुटी मरणु वरु लै जासी परणाइ ।
आपण हथी जोलि कै कै गलि लगै धाइ ॥
वालहु निकी पुरसलात कंनी न सुणी आइ ।
फरीदा किड़ी पवंदीई खड़ा न आपु मुहाइ ॥"

ए उस प्राणी दी लाचारी ते मजबूरी दा किन्नां भयानक चित्रण ए, जिसगी मौत निश्चित दिन आनी घेरदी ऐ, जिसदा उस प्राणी गी पैह्लें पता नेईं होंदा। ए मौत दे फरिश्ते दा आगम होंदा ऐ। आदमी नै उसदा जिकर ते सुने दा होंदा ऐ, पर ओह् जानी-मूनी झमला होई जंदा ऐ। ते फी, भयानक फरिश्ता हड्ड भनदा-ओड़दा ऐ, ते शरीर बिचा रुह् कढ्ढिऐ लेई जन्दा ऐ। ओह् मुंह्-जोर लाड़े बांगर औंदा ए ते ल.ड़ी (रुह्) गी कढ्ढिऐ लेई जंदा ऐ। फरीद आखदा ऐ, ए खुदा दा फर्मान ऐ, जिसदी अदूली कदाचित नेईं होई सकदी ते जिसगी ध्यान इच रखना चाहिदा ऐ। इस कशा बची निकलने दा कोई रस्ता नेईं। कोई मदाद नेईं करी सकदा। आखर ओ वक्त आई पुज्जदा ए, जदुं जिदगी गी बिदा करना पौंदा ऐ। सारे मनोभावें, राग-द्वेश, मोह् दा अन्त होई जंदा ऐ ते मृत्यु परैन्त दी यात्रा इकले-मुक्कले बिना कुसै संगी-साथी दे गै करनी पौंदी ऐ। ते उस यात्रा इच आत्मा (रुह्) गी नरक आला पुल पार करना पौंदा ऐ। इत्थें उसगी पिच्छे मुड़िऐ नेईं दिक्खना होग, चाहे पिच्छें किन्ने गै आले पौन। इस सारे वर्णन दा तातपरज ऐ, आदमी दै अन्दर डर-भय पैदा करना, पर, फरीद दे हिरदे इच सम्वेदना बी ऐ, इसकरी ओह् चांह्दा ऐ जे ईंआं प्राणी होनहार कशा सचेत होई जा ते हुन उसदा ध्यान करतार पासै लग्गी जा ते ओह् (जीव) अगली दरगाह् इच शान्ति ते आनंद दी कामना करै।

ते राग "सूही" इच फ़रीद परतिऐ दोजख दै पुलै दा जिकर करदा ऐ, जेह्ड़ा तंग गै नेईं; दो-धारी तलवार आला लेखा पैना बी ऐ—

बाट हमारी खरीं उडीणी[1]
खंनिअहु तिखि[2] बहुतु पिईणी[3] ।

1. डराने अग्ली 2. तिक्खी 3. संकीर्ण



उसु ऊपरि है मारगु मेरा
सेख फरीदा पंथु सम्हारि सेवरा ॥ 4 ॥
(आदि ग्रंथ पृ० 794)

इस कविता इच, फ़रीद आखिरी यात्रा दी औखें दा वर्णन करदा होआ, लोकें गी खबरदार करदा ऐ जे ओह् मौती परैन्त बाकी दी यात्रा लेई सचेत होई जान।

आदमी उस यात्रा दी तेआरी किआं करै ? अपने "आसा राग" इच फ़रीद आखदा ऐ जे इसदा इक्कै रस्ता ऐ, जे मनुक्ख ईश्वर कन्ने लगन ला ते इस हकीकत बारै खबरदार रवै, जे इस शरीर नै इक रोज मिट्टी इच मिलना ऐ ते मरने परैन्त परतिऐ जीवन नेईं थोनां—

बोलै सेख फ़रीदु, पिआरे अलह् लगे ।
इहु तनु होसी[1] खाक, निमाणी गोर घरे ॥ 1 ॥
आजु मिलावा सेख फ़रीद टाकिम[2]
कुंजड़ीआ[3] मनहु मचिंदड़ीआ[4] ॥ रहाउ ॥
जे जाणा मरि जाईऐ, घुमि न आईऐ
झूठी दुनीआ लगि, न आपु वञाइऐ[5] ॥ २ ॥ (आदि ग्रन्थ पृ० 438)

इक होर श्लोक इच, फ़रीद आदमी दी सारी जीवन यात्रा उनें, दा आसैं–उमेदें दा, जिनेंगी लेईऐ ओह् संसार इच औंदा ऐ, ते अपनी उमर गुजारदा ते मौती दे फरिश्ते दी आमद ते फी अपने आश्रिएं दे मूंढें उप्पर चढ़िऐ (आखरी) यात्रा करदा ऐ, वर्णन करदा ऐ, ते जीवन दी इस सारी यात्रा गी संसार इच उसदे कर्में कन्ने जोड़दा ऐ। उसदे नेक कम्मे गै ईश्वर दी कचेहरी इच उसदी कारी औना ऐ—

साढे त्रै मण देहुरी[6] चलै पाणी अंनि ।
आइओ बंदा दुनी विचि व ति आसूणी[7] बंनि ॥
मलकलमउत[8] जां आवसी सभ दरवाजे भंनि ।
तिन्हा पिआरिआ भाईआं अगै दिता बंनि ॥
देखहु बंदा चलिआ चहु जणिआ दे कन्हि[9] ।
फ़रीदा अमल जि कीते दुनि विचि दरगह आए कमि ॥ 100 ॥
मौत दी आवश्यमभावता पर ओ घड़ी-घड़ी जोर दिन्दा ऐ –
एनी लोइणी[10] देखदिआ केती चलि गई ।
फ़रीदा लोकां आपो आपणी, मैं आपणी पई ॥ 94 ॥

1. होइ जाग 2. काबू करना 3. ईन्द्रियां 4. चंचल करने अलिआं 5. नास करना 6. देह् 7. आसां 8. काल 9. चौं जनें दै घनाड़ै चढ़िऐ 10. अक्खीं 11. किन्ने गै

इस चाली दा भाव प्रगट करने आला इक होर श्लोक ऐ—

सेख हैयाती जगि न कोई थिरु रहिआ ।
जिसु आसणि हम बैठे, केते बैसि गइआ ॥ 5 ॥ (आसा)

फ़रीद नैं मौत दा गै इन्ना बर्णन नेईं कीता दा, बल्के मौत दे पिच्छोआं दी उसदी दशा पास्सै बी ध्यान दित्ता दा ऐ । युगें तोड़ी कबर इच पे रौह्ने, ते नरक दी अग्गी इच जलने बारै बी ओह् लिखदा ऐ । कबरी इच मनुक्खै दे शरीर गी मकोड़िएं ते सुढ़ें द्वारा खादे जाने दी बी गल्ल करदा ऐ—

फ़रीदा इट सिराणे भुइ सवणु कीड़ा लड़िओ मासि ।
केतड़िआ जुग वापरे इकतु पइआ पासि ॥ 67 ॥

नरक दी अग्गी बिच जलदे गुनाह्गारें दे हा-हाकार दा बर्णन ओह् इस चाली करदा ऐ—

फ़रीदा मउतै दा बनां[1] एवै दिसै जिउं दरीआवै ढाहा[2] ।
अगै दोजक तपिआ सुणीऐ हूल[3] पवै कहाहा[4] ।
इकना नो सभ सोझी आई इकि फ़रीदे बेपरवाहा ।
अमल जि कीतिआ दुनि[5] विचि से दरगाह ओगाहा[6] ॥ 98 ॥

युगें-युगें तोड़ी कबरी इच पे रौह्ने ते नरक इच गुनाहें दी सजा भोगने आदि, मनुक्खी अमलें गी फरीद रब्ब दे न्याय कन्ने जोड़दा ऐ, ते गलान्दा ऐ जे उन्दे कशा बचने दा, रब्ब दी बन्दगी दे सिवा होर कोई रस्ता नेईं—

फ़रीदा महल निसखण[7] रहि गए वासा आइआ तलि[8] ।
गोरां[9] से निमाणीआ बहुसनि रूहां मलि ।
आखीं सेखा बंदगी चलणु अजु कि कलि ॥ 97 ॥

फ़रीद दा दिल इन्सान लेई दया कन्ने भरोचा दा ऐ । ते अन्तकाल गी बसारी देने आले व्यक्ति गी ओह् मुड़ि मुड़ि समझांदा ऐ जे उसदा अंत ठकाना कुत्थे ऐ ते उसदी मुक्ति किस चाली होनी ऐ ।

इन्सानी ज़िन्दगी गी इक घड़े कन्ने उपमा दिंदा ऐ ते उसदे नाशवान होने दी गल्ल फरीद इनें दौं श्लोकें इच करदा ऐ । जित्थें सुआसें आली लज्ज त्रुट्टी जंदिऐ तां शरीर-रुपी घड़ा भज्जी जंदा ऐ । इक इच मौती दा फरिश्ता इक परौह्ने जां जमात्रे आंगर औंदा ए । इत्थे जीवन ते मृत्यु दी शादी दी गल्ल ऐ, ते दूए इच जीवन दी लम्मी डोर त्रुट्टी जंदी ऐ तां उनें लोकें दी जिंदगी दा अंत होई जंदा ऐ जिनें इस धरती पर जीवन व्यर्थ गोआए दा होन्दा ऐ, इस तत्थ गी बसारी ऐ जे आदमी गी ईश्वर कन्ने मिलाप लेई इक्कै जीवन मिले दा होंदा ऐ ।

1. कनारा 2. ढौने आला 3. रौला 4. हाहाकार 5. दुनियां इच 6. गवाह
7. सक्खने 8. हेठ 9. कबरां



"फ़रीदा भंनी घड़ी सवंनवी[1] टूटी नागर लजु[2] ।
अजराईलु[3] फरेसता कै घरि नाठी अजु[4] ॥ 68 ॥
"फरीदा भंनी घड़ी सवंनवी टूटी नागर लजु
जो सजण भुई भारु थे से किउ आवहि अजु ॥ 69 ॥

ए इक चिरंतन प्रश्न ऐ जे इस धरती उप्पर इन्सानी जीवन दा उद्देश्य केह् ऐ ? स्वास आली डोर त्रुटने थमां पैह्ले गै आदमी गी ए सोचना चाही दा ऐ जे जीवन दा उद्देश्य केह् ऐ । उसगी ऐसे कर्म करने चाहिदेन जेहड़े मरने परैन्त उस दी कारी औन ।

ते जिनें इस जीवन इच ईश्वर गी भुलाई दित्ता दा ऐ, ओह् इस जीवन बिच बी दुखै दे भागी ते बनंगन, पर अग्गै बी उनेंगी कोई आसरा नेईं मिलना-

फ़रीदा तिन मुख डरावणे बिसारि ओनु नाउ ।
ऐथे दुख घणेरिआ अगै ठउर न ठाउ[5] ॥ 106 ॥

पर, जिनें अपने अन्दरा लोभ ते अभिमान कड्डी छोड़े दा ऐ, उनें नरक दी अग्गी इच नेईं जलना—

फरीदा मनु मैदानु[6] करि टोए टिबे लाहि[7] ।
अगै मूलि न आवसी दोजक[8] संदी भाहि[9] ॥ 74 ॥

शरीअत दै अनुसार क्यामत आलै रोज धरती उप्पर इक जबरदस्त भुंचाल औग ते सब किश नश्ट होई जाग, कबरी इच पेदिआं रूहां कम्बी उठङन कीजे इस चाल्ली दी थरथल्ली पैह्ले कदें नेईं पेई होनी । बिगुल बज्जग ते मुरदे कबरें बिचा उठिठ्अै अपने अमलें (कर्में) दा लेखा चुकांगन ।

इक श्लोक इच फ़रीद इस दुनियां गी पैंछिएं-भरे इक सरोवर दी उपमा दिंदा ऐ ते स्हाड़ा ध्यान प्रलय पासै लेई जंदा ऐ । सारे पैंछिएं उडरी जाना ऐ ते दौ कमल फुल्ल पिच्छें रेही जाने न । ते फी, उनें बी मुरझाई जाना ऐ ते अन्त इच उस विशाल सरोवर (संसार) नै बी सुक्की जाना ते बाकी किश नेईं रौह्ना

अचलि चलि गईआं पंखीआ जिनीं बसाए तल ।
फ़रीदा सरु भरिआ भी चलसी थके कंवल इकल ॥ 66 ॥

ते फी अंतिम न्याय दा दिन औना ऐ । लेखें आली बेई खुलनी ऐ, हर रूह् नै मालिक अग्गें पेश होइअै दस्सना ऐ जे धरती उप्पर रौंह्दे अपना (केआम) जीवन काल किस चाली गुजारेआ हा—

1. सुन्दर 2. लज्ज 3. जमराज 4. भूमि 5. थाँ ठकाना 6. पद्दरा 7. तुआरि सुट्ट 8. नरक 9. अग्ग

फ़रीद चारि गंवाइम्रा हंढि[1] कै चारि गवाइम्रा संमि[2]।
लेखा रबु मगेसीम्रा तू आंही केहैं कंमि[3] ॥ 38 ॥

इस श्लोक इच फ़रीद, आदमी दे अपने कीमती जीवन गी व्यर्थ गोम्रानै उप्पर बड़ा दुखी होन्दा ऐ।

उसदे पापें दा दंड विचार सारे धर्में इच सांझा ऐ। शरीअत इच बी इस बारै बड़ा जोर दित्ता गेदा ऐ। फरीद लेई बी ए प्रकृति दा जींदा सच ऐ। जेह्ड़े लोक अपना जीवन ऐशो-इशरत इच गोम्रांदे न, उनें गी मरने परैंत कठोर दंड भोगने पौने न—

"फ़रीदा इकना आटा अगला[4] इकना नाही लोणु[5]।
अगै गए सिञापसनि[6] चोटां खासी कवणु ॥ 44 ॥"
"फ़रीदा रोटी मेरी काठ की लावणु[7] मेरी भुख।
जिनां खाधी चोपड़ी घणे सहनिगे दुख ॥ 28 ॥"

फ़रीद आई जीवन बिचा दो मिसालां लेइअै पापिएं आस्तै, मौती पिच्छोम्रां मिलने आले दंड दा चित्रण इस चाली करदा ऐ—

"फ़रीदा दरि दरवाजै जाइ कै किउ डिठो[8] घड़ीआलु।
एहु निदोसां मारीए हम दोसां दा किआ हालु ॥ 39 ॥"

फिरी,

"फ़रीदा वेखु[9] कपाहै जि थीआ[10] जि सिरि थीआ तिलाह[11]।
कमादै अरु कागदै कुंने[12] कोइलिआह।
मंदे अमल करेंदिआ एह सजाई तिनाह ॥ 49 ॥"

इनें दौं श्लोकें इच बे-गुनाहें गी बिना कारण दंड मिलदे दिक्खी फ़रीद बड़ा हैरान ऐ जे गुनाहगारें गी फी केह् दंड दित्ता जाग ? कन्ने, ओह् उस दंड पास्सै ध्यान कारांदा ऐ जेह्ड़ा गुनाहगारें गी मिलग। इत्थें ओह् उस भयंकर दंड दा ज़िकर करदा ऐ, जेह्ड़ा पापिएं गी मिलदा ऐ। इनें गल्लें कन्ने आदमी दे अन्दर ईश्वर दा भय पैदा होंदा ऐ, उसगी चंगे कम्म करने दी प्रेरणा मिलदी ऐ।

सेही होंदा ऐ जे फ़रीद नरक इच पापिएं गी मिलने आली मती-सिर-मती सजा दा बर्णन ते करदा ऐ, पर, स्वर्ग इच मिलने आले सुख ते आनन्द दा ज़िकर नेईं करदा। ओह् बुराइएं लेई फटकारदा ऐ, पर, स्वर्ग दा सुख नेईं दसदा। ओह् सूफी ऐ, ते उसदा उद्देश अल्लाह्-रूपी माशूक कन्ने 'वसल' दी प्राप्ति ऐ। स्वर्ग ते

1. घुम्मना फिरना 2. सौना 3. कम्म 4. मतासारा 5. लून 6. पन्छाने जाइण 7. न्योड़ा 8. दिक्खना 9. दिक्ख 10. होम्रा 11. तिल 12. कुन्नी



संसारी सुखें लेई ओह्दे चिंतन इच कोई दखल नेईं। फरीद पापें दी इसकरी नखेदी करदा ऐ जे ओह् शुद्ध जीवन दी सिद्धि गी भंग करदे न। ए सूफी दी रहस्यवादी प्राप्ती इच रुकावट पैदा करदे न। फ़रीद इक चाली निर्वाण प्राप्ती दी इच्छेम्रा रखदा ऐ, जिस इच मानवी हिरदे दी निक्की सारी चिंगारी जगमगांदे सूरज इच जाई समाना चांह्दी ऐ। ए सूरज गै रोशनी दा जन्मदाता ऐ। इत्थै खुशी ते दुख लेई कोई स्थान नेईं। ते आत्मा अपनी हस्ती दा सर्वव्यापी-आत्म इच विसर्जन करी दिंदी ऐ।

समाजी सदाचारें दा पालन, शरीअत दा इक ठोस अंग ऐ ते फ़रीद दे श्लोकें इच इसगी बड़ी महत्ता दिती गेदी ऐ। अपनी बे-मिसाल शैली इच फरीद दया, नम्रता, सहनशीलता, सबर-संदोख ते दूए सद-गुणें दा वर्णन करदा ऐ, जेह्ड़े जीवन इच मिठास भरदे न। चंगे गुण (सिफतां) इन्सान गी समाज इच गै मकबूल नेईं बनांदे, सगुआं कुरान दे अनुसार, नेक कर्म करने आले लोकें गी ईश्वर दी मित्रता बी प्राप्त होंदी ऐ।

इक सरल श्लोक इच, जेह्ड़ा सिद्धा मनै गी छूई लैंदा ऐ, फ़रीद गलांदा ऐ जे बुरे कन्ने बी भला करो ते इस्सै कन्ने तेरा बी भला होग, सब किशै दी प्राप्ती होग—

"फ़रीदा बुरे दा भला करि गुसा मनि न हढाइ[1]।
देही रोगु न लगई पलै सभु किछु पाई ॥ 78 ॥

इस श्लोक इच जीवन दा सारा फलसफा सामने औंदा ऐ। जो कोई उसदी पैरवी करदा ऐ, ओह् सन्त ऐ। बुराई दा बदला नेकी कन्ने देने आले बड़े घट्ट लब्भदे न। मनै बिचा क्रोध कड्डी दित्ता जा तां ओह् आपूं गै प्रेम कन्ने परिपूर्ण होई जंदा ऐ। जेह्ड़ा इन्सान इस उप्पर अमल करी सकै, ओह् दुक्खें कशा मुक्त होई जंदा ऐ ते सब किश प्राप्त करी लैंदा ऐ। फरीद बड़े सरल ढंगै कन्ने जीवन बारै गूढ़ सिद्धांतें दी शिक्षा दिन्दा ऐ जे दुक्खें उप्पर किआं काबू पाया जा ते मनै दी शान्ति प्राप्त कीती जा। ए सर्वोत्तम ते सरल कला ऐ। फ़रीद जिस नम्रता दा उपदेश दिंदा ऐ, ओह् 'चपेड़ मारने आले अग्गें दूई गल्लह करने' आली गल्ल नेईं, ओह् उनें लोकें दे चरण चुम्मने दी गल्ल ऐ, जेह्ड़े तुसेंईं मारदे न, लताड़दे न—

फ़रीदा जो तै मारनि मुकीआं तिना न मारे घुंमि[2]।
आपनड़ै घरि जाईऐ पैर तिना दे चूंमि ॥ 7 ॥

अपर, फरीद होर बी अग्गें जंदा ऐ, ते आदमी गी समझांदा ऐ जे ओह्

1. मनै इच रोह् नेईं रक्खेआं 2. परतिऐ

घा-खब्बल श्रांगर नीमता होई जा, तां जे लोक उसगी पैरें इच लताड़न। सच्चे साधु श्रांगर श्रोह् दसदा ऐ जे ईश्वर दे दरबार इच जाने दा ईऐ रस्ता ऐ—

फ़रीदा थीउ[1] पवाही[2] दभु[3]
जे सांई लोड़हि[4] सभु
इकु छिजहि बिम्रा लताड़ीग्रहि
तां सांई दे दरि वाड़ीग्रहि ॥ 16 ॥

फ़रीद दै अनुसार मिट्टी गी बी निंदना नेईं चाही दा। इस इच शक्क नेईं जे श्रोह् सबैहरें श्रति नीमती ऐ, पर तुस ए गल्ल नेईं भुल्लो जे भाएं सारी उमर तुस उसगी श्रपने पैरें इच रोलो, पर, होई सकदा ऐ जे कदें श्रो मिट्टी तुसेंई रोलै—

फ़रीद खाकु[5] न निंदीऐ खाकु जेड्[6] न कोइ।
जीवदिश्रा पैरा तले मुइश्रा उपरि होइ ॥ 17 ॥

फरीद, बर्खा इच चौंदी कुल्ली दी मिसाल देइयै, श्राखदा ऐ जे प्रेम ते लालसा इक-साथें नेईं रेही सकदे। श्रोह् कनेहा प्रेम ऐ, जेह्ड़ा लालसा दै श्रंग-संग रेही सकै। सच पुच्छो तां श्रोह् झूठा प्रेम होग। चौंदी कुल्ली इच बरहने श्रांगर श्रस्थाई होग। इस श्लोक इच शब्दें दी लीला बड़ी रोचक ऐ ते उपमा बड़ी रंगीन ऐ—

फरीदा जा लबु[7] ता नेहु किया लबु ता कूड़ा[8] नेहु।
किचरु झति[9] लघाइऐ छपरि तुटै मेहु ॥ 18 ॥

इस्सै चाली सबर-संतोख रक्खने दा उपदेश दिंदे होई, श्राक्खदा ऐ—

रुखी सुखी खाइकै ठंडा पाणी पीउ।
फरीदा देखि पराई चोपड़ी न तरसाए जीउ ॥ 19 ॥

फरीदा लेई चुपड़ी दी रुट्टी शड़े लालचै दी गल्ल नेईं, सगुआं दुखै दा कारण बी ऐ। जेह्ड़े लोक जीवन दे बस पेई जन्दे न, श्रोह् दुक्खें कशा बची नेईं सकदे। चुपड़ी दी रुट्टी अय्याशी दी अलामत ऐ—

फरीदा रोटी मेरी काठ की लावणु[10] मेरी भुख।
जिनां खाधी चोपड़ी घणे सहनिगे दुख ॥ 28 ॥

श्रग्गें दित्ते गे त्रौं श्लोकें इच फरीद धीरज ते सबर दी शिक्षा दिंदा ऐ जेह्ड़ी ध्यान देने जोग ऐ—

1. बनना 2. रस्ता 3. खब्बल 4. लोड़चदा ए 5. मिट्टी 6. जनेह्आ 7. लोभ 8. झूठा 9. कुस बेलै तहोड़ी 10. न्योड़ा



सबर मंझ[1] कमाण ए सबरु का नीहाणी[2]।
सबर संदा बाणु खालकु खता न करीं ॥ 115 ॥
सबर श्रंदरि साबरी तनु एवै जा लेन्हि[3]।
होनि नजीकि खुदाइ दै भेतु[4] न किसै देनि ॥ 116 ॥
सबरु एहु सुआउ[5] जे तूं बंदा दिड़ु[6] करहि।
वधि थीवहि[7] दरिआउ टुटि न थीवहि वाहड़ा[8] ॥ 117 ॥

भाषाई लिहाजें, ए शायद फ़रीद दे सारें कशा कठन श्लोक न। मुलतानी—पंजाबी दी बुन्यादी शब्दावलि इच फारसी शब्द, श्रखचै गुन्दे गेदे न। ते, जीवन दे बक्ख-बक्ख पक्खें दिश्रां उपमां बी बरती दिश्रां न जिश्रां'क—धनखबाण ते उस दी डोरी, साधुएं दी देह गी झुकाई देने श्राली तपस्या, ते बड्डे दरयाएं दे हाड़ श्रादि, श्रपर, श्राखरी पैंडा इक्क ऐ। रहस्यवादी बड़े सबर कन्ने ईश्वर दी श्राराधना करदा ऐ। ईऐ उसदा लक्ष्य ऐ, उसदा भेत ऐ, मुक्ख उद्देश्य ऐ। नाशवान मनुक्खै ईऐ सब्र सिक्खेश्रा लोड़दा ऐ। सूफी फकीर दी यात्रा कठन ते लम्मी गै नेईं, एह्दे लेई बड़े भारी सबरै दी लोड़ ऐ। फरीद दस्सना चांह्दा ऐ, जे सच्ची खोज व्यर्थ नेईं जंदी। इसदे फलस्वरूप रब्ब श्रपने भक्तै गी श्रपने बिच समाई लैग, "इक बड़े दरया विच समो लैग, उसगी इक बक्खरी, निक्की शाख (बाहा) नेईं रौह्न देग।" ते इनें सारे सद्गुणें दा मनोरथ केह् ऐ? ए सब्ब किश, फरीद इक्कै श्लोक इच व्यक्त करी दिंदा ए—

निवणु[9] सु अखरु[10], खवणु[11] गुणु जिह्बा मणीश्रा मंतु[12]।
ए त्रै भैणे वेस करि तां वसि श्रावी कंतु ॥ 123 ॥

दूए शब्दें च, सदाचार श्रध्यात्म श्रादर्श दी प्राप्ती दा मार्ग ऐ। इस इच शक्क नेईं जे फरीद लेई 'ध्यान', 'वजद' ते 'वसल' जीवन दे अंतम मनोरथ न, पर, इक सूफी दी उच्ची डोश्रारी इच, इनें पड़ाईं पर श्रदूं तोड़ी नेईं पजोंदा जदूं तोड़ी जीवन गी सद्गुणें ते नैतिकता कन्ने पवित्र नेईं करी लैंता जा।

एह्बी श्रावखेश्रा गेश्रा ऐ, जे शारीअत उप्पर श्राधारित फरीद दे जीवन ते अकीदें दै बावजूद, कुरान, हज़रत मुहम्मद, कलमा, ज़कात ते हज्ज श्रादि, शरीअत दे मुक्ख श्रंगें दा उसदे श्लोकें इच जिकर नेईं श्राया। इसदा केह् कारण होई सकदा ऐ? इसदा सरल कारण ए होई सकदा ऐ जे, गुरु नानकदेव जी नै फरीद दे जेह्ड़े श्लोक (सलोक) सम्हाली रक्खे हे, श्रो फरीद दे काव्य दा इक

1. मने इच 2. चिल्ला 3. जालना 4. भेत 5. परयोजन 6. पक्का 7. बनी जाग 8. नाला 9. नम्रता 10. अक्खर 11. क्षमा 12. मिट्ठे बोल

थोड़ा नेहा हिस्सा गै हैगा । ए अफ़सोस आली गल्ल ए, जे उसदे अनुयाइएं शेख फ़रीद दे किश वचनामृत, ते उसदी करामातें दे अप्रमाणिक वर्णनें दे इलावा, उस महान कवि दिआं अरबी, फ़ारसी ते पंजाबी दी होर रचनाएं गी नेईं सम्हाली रक्खेआ ।

फ़ारसी ते उर्दू दे किश गैर-मुसद्दका "बैंत" फ़रीद दे नां कन्ने जुड़े दे भिलदे न, किश जिंदा विषय मता करिऐ, फरीद दी रब्ब कन्ने प्रीत, ते मनुक्ख-मात्र कन्ने प्यार ते दया भाव ऐ । इनें बैंतें (छंदें) दी प्रमाणिकता यकीनी नेईं ।

इस करी असेंई, गुरु ग्रन्थ साहिब इच शामिल फ़रीद दी वाणी गी गै अध्ययन लेई प्रमाणिक मन्नना पौंदा ऐ । इस गल्लै पर मता जोर पाने दी लोड़ नेईं जे फ़रीद बड़ा धर्मनिष्ठ प्राणी हा । ओह् इसलामी संस्कृति दा पैरुकार हा ते उसदे सारे उपदेश दा आधार कुरान ऐ । चढ़दी जुआनीं इच गै उसनै सारा कुरान कण्ठस्थ करी लेदा हा, ते ध्याड़ी इच इक बारी उसदा पाठ करना अपना नियम बनाए दा हा । ओह् अल्लाह् दा ध्यान-सिमरण बी करदा हा ते दिनै इच पंज बारी नमाज़ उप्पर जोर दिंदा हा । ओह् मुसलमानें गी मसजिद इच जाइऐ किट्ठे नमाज पढ़ने लेई गलांदा हा । इस करी इस गल्ला दा खास महत्व नेईं रौंह्दां जे फरीद नै अपनी कविता इच कुतै कुरान जां हज़रत मुहम्मद दा जिकर कीता जां नेईं कीता । ईमान (धर्म) दे सरबंधै इच उसदी स मूलची धारणा कुरान ते मुहम्मद साहिब उप्पर गै आधारित ऐ, जेहड़ा खुदा दा पैगम्बर ऐ । ईआं गैए गल्ल महत्वा आली नेईं जे फ़रीद दी कविता इच 'कलमे' दे शब्द जां उसदी व्याख्या नेईं लभदी, कीजे जेह्ड़ा हज़रत मुहम्मद इच सच्ची आस्था रखदा ऐ, बिला-शक्क, ओह् 'कलमे' गी बी मनदा ऐ । 'ज़कात' (दान) दा उल्लेख बी इक चाली फ़रीद दे सलोकें इच आए दा ऐ । 128-वें श्लोक इच फरीद लिखदा ऐ—

मति होदी होइ इआणा,[1]
ताण होदे होइ निताणा[2]
अणहोदे[3] आपु वंडाए
की ऐसा भगतु सदाए ॥ 128 ॥

ए इक दिलचस्प श्लोक ऐ, जिस इच सन्त दे विशेष लक्षणें दा जिकर होए दा ऐ । सन्त अपने तपोबल दी नुमाइश नेईं करदा ते नां गै अपनी चतुराई दा घमंड गै करदा ऐ, ते बड्डी गल्ल ए जे उस कच्छ जे बी थोड़ामता होंदा ऐ, लोकें कन्ने वंडी खंदा ऐ । अपनी मालियत सारी जां थोड़ी, वंडी देनी गै 'ज़कात' ऐ । हज्ज

1. बे-अकल 2. निर्बल 3. अभावग्रस्त लोक



दा जिकर नेईं करने दा कारण बी ईऐ होई सकदा हा जे फ़रीद हज्ज-रोज़ा आदि, धर्म दे बाहरले दिखावें कशा बचदा गै रौंहदा हा । जिआं-जिआं उसदी उमर बधदी गेई, ओह् अन्तर-आत्मा दी खोज पर जोर दिंदा रेहा, ते 'माशूक इलाही' कन्ने 'वसाल' दी उसदी तांह्ग गैह्री होंदी गेई । उसदी तपस्या आत्म-पीड़न तोड़ी बधी गेई ही । ते ध्यान ते नमाज़ अल्ल ओह् मता वक्त देन लगा ।

इश्क इलाही बिच लीन, ऐसे आदमी लेई हज्ज दा मता महत्व नेईं रौंह्दा । रोज़े ओह् सारी उमर रखदा रेहा, की जे ऐ उसदी तपस्या दा इक अंग गै हे । पर, उसदे अन्तिम मनोरथ-'वसल-ए-इलाही' दी प्राप्ति लेई इंदी खास महत्ता नेईं ही ।

मनुक्खी चोले इच फरीद अपने मुरीदें ते भगतें उप्पर अल्लाह्, हज़रत मुहम्मद ते इसलाम दे नियमें पर विश्वास करने लई जोर पांदा रेहा हा । अपने सम्पर्क इच औने आलें गी शरीअत दा महत्व समझाइऐ फरीद उन्दे जीवन दे व्यवहार गी उन्नत करने दा जतन करदा हा । ओह् अल्लाह् ते उसदे 'इश्क' दे गै नेईं, नेकी, हलीमी, सहनशीलता ते सन्तोष जनेह् सदगुणें दे गीत बी गांदा हा ।

शेख फ़रीद इक उदार सन्त, महान कवि ते अपने ईमान इच पक्का मुसल-मान हा, जेह्ड़ा हर पास्सै प्रेम दा प्रसार करदा हा ।

# 5

# फ़रीद—तरीकत दा कवि

सूफी मत इच परमात्मा कन्ने इक-मिक्क होने दिग्रां चार पड़ाई दस्सिग्रां गेइग्रां न। ऐ हैन : शरीग्रत (नियमावली), तरीकत (सूफी मत दा तरीका), हकीकत (ग्रात्मा गी जगाना) ते मारफ़त (सिद्धि)। इस पुस्तक इच ग्रसें इसलाम इच सूफी मत दे विकास दा संक्षेप कन्ने बर्णन कीता ऐ। एह्दा मुंढ कुरान बिचा गै प्रकट होने ग्राले रहस्य थमां शुरु होग्रा जिग्रां'क कुरान शरीफ दा आपूं ईश्वर-प्रेरित होना, हजरत मुहम्मद दे स्वर्गारोहन दी घटना (मेराज), ईश्वर दे ग्रनन्त ते ग्रकथ होने दी धारणा, हजरत मुहम्द दे किश साथिएं पासेग्रा कीती गई तपस्या ते त्याग इच बिश्वास, कन्नें नमें ग्रफ़लातून-वाद दा प्रभाव जेह्दे इच ईश्वर दी सर्वव्यापकता ते ग्रपनी प्रकृति दे जरिए उसदा मनुक्खें दे मनें इच बसने ग्रादि दे बिचारें उप्पर जोर दित्ता गेदा ऐ। इत्थुग्रां गै इशक (प्रेम) दा ग्रध्यात्मक ग्राकर्षण दे रूपै इच उत्पन्न होने दा विचार पैदा होग्रा। ऐह्दे थमां ए बिश्वास उपजेग्रा जे इशक गै जगत दा ग्राधार ऐ ते मनुक्खै दी ग्रात्मा उस परमात्मा कन्ने, जिसदा ए ग्रंश ऐ, पुनरमिलाप लेई सदा तांह्ग लाई रखदी ऐ। इस प्रेम-भाव गी (इशकी-मिजाजी) साकार थमां निराकार ग्रवस्था तोड़ी कईं पड़ाएं दा सफ़र करनां पौंदा ऐ। ए भावना फ़ारसी कविता इच बड़े भावुक ढंगै कन्ने व्यक्त होई, ते स्वभाविक गै हा जे धर्म दा ग्रर्थ भाव-समाधि इच रब्बी इशक़ दी गै इक उच्ची मंजल समभेग्रा जान लगा। ईंग्रां रूहानी तलाश गै बजद यां इशक़ दा पर्यायवाची शब्द बनी गेग्रा ते इसगी मनुक्खै दे ग्रपने प्रियतम लेई प्रेम दी भाषा दे शब्दें इच व्यक्त कीता जान लगा। मनुक्खै दी प्रेमलीला (इशक़ मिजाजी) दे प्रतीक ते ग्रलंकार विस्तृत रूपै इच बरतोन लगे ते सूफिएं रूहानी इशक़ दी मस्ती दा ग्रति ग्रानन्द प्राप्त करने लेई नाच-गाने दा बी प्रयोग कीता। भारत इच सूफी मत उप्पर वेदान्त, बुद्ध धर्म ते भक्ति लैह्र दा बी प्रभाव पेग्रा। सूफी वाद दा प्रचार ते व्यवहार बक्खरे-बक्खरे 'सूफी सिलसिलें' दे रूपै इच होन लगा, पर, पंजाबी भाशा इच शेख फरीद-उद-दीन, गंज-शक्कर नै गै सूफीवाद गी ग्रभिव्यक्ति दित्ती।

जदूं ग्रस गुरु ग्रन्थ साहिब इच "सलोक सेख फ़रीद के" सिरलेख हिट्ठ दित्ती गेदी फरीद दी बाणी दा ग्रध्ययन करने ग्रां, तां पता चलदा ऐ जे ग्रो



सलोक नां गै कालक्रम ते नां गै विषयानुसार दित्ते दे न। ए इस गल्ला दा स्पश्ट प्रमाण ऐ, जे बाबा फरीद नै बक्ख-बक्ख समय पर जदूं बी उसगी डूह्गा ग्रनुभव होंदा हा, जीवन दे भिन्न-भिन्न पक्खें पर ग्रपने बिचार प्रगट कीते हे। उसदा कवि-मन हर विशेश प्रभाव गी ग्रपने विशेश ढंगै कन्ने ग्रभिव्यक्त करदा ऐ।

शेख फरीद गी पंजाबी दा पैह्ला सूफी कवि ग्राक्खना उचित गै ऐ। उसदी कविताएं दे पैह्ले पाठ थमां प्रतीत होंदा ऐ जे फरीद इसलामी संस्कारें दा कवि हा। ग्रोह् हजरत मुहम्मद दे संकल्प दे ग्रनुसार खुदा, मसीती इच नमाज पढ़ने, देवदूतें, स्वर्ग, नरक, क्यामत दै रोज रूहें दा कबरें इचा उट्ठने, नरक दे पुल गी पार करने, ते ग्रन्त इच, शरीग्रत ग्रनुसार सारे सामाजिक शुभ गुणें दे गीत गांदा ऐ। ग्रपर, जिग्रां-जिग्रां ग्रस बाबा फरीद दी कविता दा ग्रध्ययन करदे जन्नेग्रां तां इसलामी रंग फिक्का पेई जन्दा ऐ ते व्यापक मानव-ग्राद दा रंग उभड़दा बझोंदा ऐ। इसदे दो कारण न। पैह्ला ऐ, जे फरीद कुदरै बी हजरत मुहम्मद, उसदे धर्म-युद्धें ते उसदे मिशन (उद्देश) दी सफलता दे गीत नेईं गांदा। उसगी इस गल्ला कन्ने बी कोई सरोकार नेईं जे इसलाम सारी दुनियां फतह करी लै। ग्रोह् नां गै कोई मजहबी ग्रालम ऐ ते नां गै कोई काजी जेह्ड़ा दूए धर्में दा खंडन ते छड़ा इसलाम दा मंडन करै। दूग्रा कारण ए ऐ जे जदूं फरीद शरीग्रत दे बक्ख-बक्ख पैह्लुएं दा बखान करदा ऐ तां बी ओह् लोकें गी इसलामी धर्म ग्रपनाने आस्तै प्रेरित नेईं करदा। उसगी चिन्ता ऐ मानुऐ दे दुक्खें दी, ग्रोह्दे संघर्श दी नां'के धर्म परिवर्तन दी। मुक्ख-तौरा पर, फरीद इक बड़ा धर्म-प्रायण व्यक्ति ऐ जेह्ड़ा मनुक्खै गी परमात्मा दी पंछान करांदा ऐ जेह्ड़ी छड़ी कुरान पर ग्राधारित नेईं। उसदे काव्य दे मुख्य विषय न—इन्सान ते रूहानियत। उसगी बड़ी भारी चिन्ता ऐ मनुक्ख ते धरती पर उसदे संक्षिप्त बास ते ग्रनिश्चित जीवन दी, हर बेलै लग्गे रौह्ने ग्रोले मौती दे डरै दी, जनता दी ग़रीबी ते भुक्खै दी, दुनिया इच फैले दे ग्रन्याय दी, ते धन-दौलती दे लुब्भ-लालचै ते ग्रोह्दी चमक दमक दी; ते कन्ने, निरर्थक कम्में इच कीमती बक्त जाया होने दी बी ग्रोह् चिन्ता करदा ऐ। जिस बेलै फरीद सामाजिक सदाचार दी गल्ल करदा ऐ तां ग्रो सबनें धर्में दे सांझे सदाचारें दी गल्ल होंदी ऐ। फ़रीद उन्दी शिक्षा इस कारण दिंदा ऐ जे ग्रो मनुक्खै दी रूहानी (ग्राध्यात्मक) दुनियां दे दुग्रारै तोड़ी लेई जंदे न। फरीद दा शुमार उनें पैह्ले सूफिएं इच होंदा ऐ जेह्ड़े तप-त्याग दी साधना करदे होए बी इसलाम दे घेरे इच रौंह्दे न। समय बीतने कन्ने-कन्ने ग्रोह् इसलाम दे कर्म-काण्ड थमां दूर होंदा गेग्रा। ग्रोह्दा इसलामी राज, ग्रफसर-शाही, उलेमा ते काजिएं कन्ने कोई सरबन्ध नेईं हा। जिग्रां पैह्ले दस्सेग्रा गेग्रा दा ऐ जे ए लोक फ़रीद दी निंदा ते उस दै खिलाफ साजशां गै करदे हे। उनें फरीद लेई ते ग्रोह्दी

सन्तान लेई बड़िग्रां मुशकलां पैंदा कीतिग्रां। फ़रीद नै सबर ते धीरज कन्ने सारिएं मुशकलें दा मुकाबला कीता। फरीद पक्का नमाजी हा ते रोजे बी रखदा हा, पर, उसदी इस तपस्या दा उद्देश आध्यात्मक गै हा। धर्म दे मामलें इच ओह् सूफिएं दे प्रेम-मार्ग दा पालन करदा हा। ओह् प्यार (इश्क) दे मजह्ब दा प्रचारक हा। दुए शब्दें इच ओह् भक्ति-मार्गी ते प्रेम-मार्गी हा। ओह् ईश्वर दा अनन्य भक्त हा ते अपनी प्रेम-भक्ति दै जरिऐ ईश्वर गी प्राप्त करना चांह्दा हा। ओह् दा प्यार बड़ा गै मन-मोह्क हा ते ओह् कुसै कन्ने बैर-वरोध नेईं हा रखदा ते ईश्वर उसदी सृष्टि कन्ने प्यार करदा हा। इस्सै कारण ओह् सूफी हा, ते अपने समकालीन इसलामी कट्टरपंथी लोकें थमां न्यारा हा। ओह् दी कविता असेंगी फरीद दे अपने माशूक (ईश्वर) कन्ने डूंह्गे प्रेम दा परिचय दिंदी ऐ, जिसदी प्राप्ती आस्तै ओ "चिल्लाए-माकूस" जनेहा दुख दायी तप बी करदा ऐ।

एह् डूंह्गा प्रेम जिसी उन्नै अपनी अमर कविता इच व्यक्त कीता दा ऐ, उसी इक महान सूफी कवि बनांदा ऐ।

फ़रीद दा पैंह्ला उद्देश मनुक्खें गी जीवन दी नश्वरता दे बारै सचेत करना ऐ—

"फ़रीदा पंख[1] पराहुणी[2] दुनी[3] सुहावा बागु।
नउबति[4] बजी सुबह्सिउ चलण का करि साजु॥ 79 ॥"

फ़रीद इस दुनिया दी तुलना इक खूबसूरत बाग कन्ने करदा ऐ, जित्थें पैंछी (मनुक्ख) थोड़े चिरै लेई परौह्ना बनिऐ औंदा ऐ। जिस बेल्लै निश्चत घड़ी औंदी ऐ तां पैंछी उडरी जंदा ऐ। दूए शब्दें इच, एह् संसार इक सरां ऐ जित्थें मनुक्ख परौह्ना बनिऐ रात कट्टन औंदा ऐ ते प्रभाती दा ढोल बज्जदे गै कूच करी लैंदा ऐ। दुनियां किन्नी बी खूबसूरत होऐ, इत्थें कुसै गी सदा आस्तै टिकी रौह्ने दी मेद नेईं रक्खनी चाह्दी। इस करी सुयाने लोक अगले जन्म गी सुआरने दी गल्ल सोचदे न।

इस दुनिया दी नश्वरता ते इत्थुआं मनुक्खें दी आवश्मभावी विदाई पासै ध्यान करान्दा होई, फरीद आखदा ऐ :

फरीदा कित्थै तैंडे मापिग्रा[5] जिन्ही तु जणिओहि[6]।
ते पासहु ओह लदि गए तूं अजै न पतीणोहि[7] ॥ 73 ॥

सच्चें गै ऐ किन्नी अजीब गल्ल ऐ, जे अस अपने मित्रें ते साक-सरबंधिएं गी इस दुनियां थमां जन्दे (मरदे) ते दिक्खने आं, पर, कदें नेईं सोचदे जे असें बी इस्सै चाली कूच करना ऐ।

1. पैंछी 2. परौह्ना 3. दुनियां 4. नगारा 5. मां-बब्ब 6. जम्मया (जन्म दित्ता) 7. परतीत



संसारै दी अनित्यता दा चेता करांदे होई, फरीद इक थार आखदा ऐ जे एह् जोबन ते जुआन्नीं सदा नेईं रौंह्दे जिआं, हरे-भरे बूटें दे पत्तर समय औने पर झड़ी-भुरी जंदे न, उंआं गै आयु-रूपी ऋतु इच बी परिवर्तन औंदा ऐ—

फ़रीदा रुति फिरी वणु[1] कंबिआ पतझड़े झड़ि पाहि।
चारे कुंडा[2] ढूंढिआं रहणु[3] किथाउ नाहि॥ 102 ॥

मनुक्खै गी मौती दे अनिवार्य होने दा ज्ञान कराने आस्तै शेख फरीद इक ढंग एह् अपनान्दा ऐ जे बढ़ेपे ते उस थमां उत्पन्न होने आली निर्बलता ते उदासी पर जोर दिंदा ऐ। फरीद नै इस विषय पर चार श्लोक लिखे दे न। ऐ सारे इक्कै ज्ञान दिंदे न जे बुढ़ापा औने पर शरीर दिनोदिन दुर्बल गै होंदा जाना ऐ ते आखिर इसदा अन्त गै होना ऐ। फरीद हैरान होंदा ऐ जे ए गल्ल जानदे होई बी मनुक्ख दुनिया दे सुखें दी तांह्ग ते सौ बरेह् जीने दी आस लाई रखदा ऐ—

बुढा होआ सेख फ़रीद, कंबणि लगी देह।
जे सउ वरिआ[4] जीवणा भी तनु होसी खेह॥ 41 ॥

अग्गें आखदा ऐ—

फ़रीदा सिरु पलिआ[5] दाड़ी पली मुछां भी पलीआं।
रे मन गहिले[6] बावले माणहि किआ रलीआं॥ 55 ॥

होर :

फरीदा इनी निकी जंघिए[7] थल डूंगर[8] भविओम्हि[9]।
अजु फरीदे कूजड़ा सै कोहां[10] थिओमि[11] ॥ 20 ॥

ते अन्त इच :

देखु फरीदा जु थीआ दाड़ी होइ भूर।
